# प्रश्न बैंक

सत्र - 2022-23

## विषय—गणित

## कक्षा — पांचवीं




राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

# प्रकाशन वर्ष 2022–23


**संरक्षक**

राजेश सिंह राणा 'IAS'

संचालक, SCERT

**मार्गदर्शक**

डॉ.योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक, SCERT,

डॉ.निशी भाम्बरी संयुक्त संचालक, SCERT

**संयोजक**

श्रीमती दिव्या क्लारेट लकरा, प्राध्यापक

श्रीमती कौशिल्या खुटे, श्रीमती लीना नेमपांडे

**विशेष सहयोग**

डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

**विषय विशेषज्ञ**

श्री पी.आर.साहू

श्री मुकुन्द साहू

**लेखन**

कविता कोरी, ऋषि कुमार मिश्रा

**टंकण**

निखिल कुमार साहू

**आवरण**

सुधीर कुमार वैष्णव

---

**प्रकाशक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़

शंकर नगर, रायपुर

# आमुख

वर्तमान में शालाओं में आकलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली बनाने तथा शिक्षकों और छात्रों में विषयों की समझ को अधिक विकसित करने से लिए अच्छे प्रश्नों का निर्माण होना आवश्यक है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए SCERT द्वारा पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया है। प्रश्न बैंक के माध्यम से शिक्षण अधिगम संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति की जा सकती है। शिक्षक इसका उपयोग पढ़ाने, परीक्षा लेने तथा छात्र स्वआकलन के लिए कर सकते है।

बच्चों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। इसी आधार पर कक्षा 1 से 8 के लिए कक्षावार विषयवार प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया। निर्मित **’प्रश्न बैंक’** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं, प्रश्नों को वस्तुनिष्ठ, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय क्रम में रखा गया।

सृजित **’प्रश्न बैंक’** में समाहित प्रश्न ज्ञानात्मक, समझ, अनुप्रयोग, विशलेषण आधारित है एवं विद्यार्थियों के स्तरानुरूप हैं। यह **’प्रश्न बैंक’** अध्ययन अध्यापन में अन्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके द्वारा विद्यार्थियों के अपेक्षित कौशलों के विकास को जांचा-परखा जा सकेगा और पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को समझने के सरलता होगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **’प्रश्न बैंक’** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय-वस्तु की समझ विकसित होगी। शिक्षकों को यह ’प्रश्न बैंक’ विषयवस्तु को सरल एवं विकसित करने में उनकी मदद करेगा।

यह **’प्रश्न बैंक’** शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उपयोगी है शिक्षकों से आग्रह है कि ’प्रश्न बैंक’ का अध्ययन कर इनकी उपयोगिता सुनिश्चित करें।

**संचालक**

**एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर**

# गणित कक्षा - 5


| क्र. | पाठ का नाम | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| 1. | संख्याएँ | 1-6 |
| 2. | संक्रियाएँ | 7-13 |
| 3. | लाभ-हानि | 14-18 |
| 4. | ऐकिक नियम | 19-22 |
| 5. | औसत | 23-27 |
| 6. | गुणज एवं गुणनखंड | 28-33 |
| 7. | भिन्नो पर संक्रियाएँ | 34-41 |
| 8. | दशमलव | 42-48 |
| 9. | सममिति | 49-54 |
| 10. | कोण | 55-61 |
| 11. | ज्यामितीय आकृतियाँ | 62-71 |
| 12. | लंबाई | 72-82 |
| 13. | भार | 83-90 |
| 14. | धारिता | 91-98 |
| 15. | मुद्रा | 99-109 |
| 16. | समय | 110-117 |
| 17. | बिल बनाना | 118-131 |
| 18. | परिमाप | 132-142 |
| 19. | क्षेत्रफल | 143-151 |
| 20. | आंकड़ो का निरूपण | 152-167 |
| 21. | पहेलियाँ व पैटर्न | 168-177 |

# अध्याय - 1

## (संख्याएँ)

**प्रश्न 1. उन्यासी हजार नवासी का आंकिक मान है -** M501

(a) 79089 (b) 89079

(c) 79069 (d) 8979

उत्तर- (a) 79089

**प्रश्न 2. संतानबे हजार पांच सौ संतावन का आंकिक मान है -** M501

(a) 97557 (b) 57597

(c) 5750097 (d) 9750057

उत्तर- (a) 97557

**प्रश्न 3. 6069 को शब्दों में लिखते हैं |** M501

(a) छः हजार उनहत्तर (b) छः सौ उनहत्तर

(c) छः हजार उनसठ (d) साठ हजार उनहत्तर

उत्तर- (a) छः हजार उनहत्तर

**प्रश्न 4. 29,00,029 का शाब्दिक अर्थ है -** M501

(a) उन्तीस लाख उन्तीस (b) उन्तीस लाख उन्तालीस

(c) उन्तीस हजार उन्तालीस (d) उन्तालीस हजार उन्तीस

उत्तर- (a) उन्तीस लाख उन्तीस

**प्रश्न 5. 999 का सैकड़े के निकटतम मान होगा -** M501

(a) 900 (b) 990

(c) 999 (d) 1000

उत्तर- (d) 1000

**प्रश्न 6. 1000 की पूर्ववर्ती संख्या होगी -** M501

(a) 1001 (b) 999

(c) 990 (d) 900

उत्तर- (b) 999

**प्रश्न 7. 999 की परवर्ती संख्या है -** M501

(a) 998 (b) 9910

(c) 1000 (d) 1099

उत्तर- (c) 1000

**प्रश्न 8.** 1. 87979 का विस्तारित रूप लिखो ? M501, M502

उत्तर- 80000 + 7000 + 900 + 70 + 9

2. 280208 का विस्तारित रूप लिखो ?

उत्तर- 200000 + 80000 + 200 + 8

**प्रश्न 9. दी गई संख्याओं के दहाई का निकटतम मान होगा -** M501

1. 89 उत्तर- 90

2. 579 उत्तर- 580

3. 708 उत्तर- 710

4. 602 उत्तर- 600

**प्रश्न 10. दी गई संख्याओं का सैकड़े के निकटतम मान होगा -** M501

1. 366 उत्तर- 400

2. 3449 उत्तर- 3400

3. 5751 उत्तर- 5800

4. 999 उत्तर- 1000

**प्रश्न 11. ठीक पहले और ठीक बाद की संख्या लिखो -** M501

[ ] 4000 [ ]

उत्तर- 3999, 4001

2. [ ] 9999 [ ]

उत्तर- 9998, 10000

**प्रश्न 12. 64 व 36 के दहाई के निकटतम मान लिखकर योगफल ज्ञात करो ?** M501

| उत्तर- | संख्या | निकटतम मान |
|---|---|---|
| | 36 | 40 |
| | 64 | 60 |
| | | योग =100 |

उत्तर- 100

**प्रश्न 13. संख्याओं को आरोही क्रम में लिखो -** M501

a. 55555, 50555, 55055, 55505

उत्तर- 50555, 55055, 55505, 55555

b. 69996, 69969, 69699, 66999

उत्तर- 66999, 69699, 69969, 69996

**प्रश्न 14. संख्याओं को अवरोही क्रम में लिखो -** M501

a. 64646, 64466, 6664, 66446

उत्तर- 66446, 64646, 64466, 6664

b. 797979, 799779, 797997, 799797

उत्तर- 799797, 799779, 797997, 797979

**प्रश्न 15. दी गई संख्या के सैकड़े के निकटतम मान लिखकर आकलित योगफल एवं वास्तविक योगफल ज्ञात करो -** M501, M502

**a. 778 व 349**

हल:- 778 के सैकड़े का निकटतम मान = 800

349 के सैकड़े का निकटतम मान = 300

| आकलित योग | वास्तविक योग |
|---|---|
| 800 | 778 |
| + 300 | + 349 |
| 1100 | 1127 |

**(b) 4559 व 348**

हल:- 4559 के सैकड़े का निकटन मान = 4600

348 के सैकड़े का निकटन मान = 300

| आकलित योग | वास्तविक योग |
|---|---|
| 4600 | 4559 |
| + 300 | + 348 |
| 4900 | 4907 |

**प्रश्न 16. 49 व 51 के दहाई के निकटन का गुणनफल का आकलन करो |** M501

हल:- 49 के दहाई का निकटन मान = 50

51 के दहाई का निकटन मान = 50

| आकलित गुणनफल | वास्तविक गुणनफल |
|---|---|
| $50 \times 50$ | $49 \times 51$ |
| 2500 | 2499 |

**प्रश्न 17. हजार के निकटतम मान लिखकर आकलित अंतर ज्ञात करो -** M501

6380 व 3885

हल:- 6380 के हजार का निकटतम मान = 6000

3885 के हजार का निकटतम मान = 4000

| आकलित मान | वास्तविक मान |
|---|---|
| 6000 | 6380 |
| - 4000 | - 3885 |
| 2000 | 2495 |

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 18. 89063 के प्रत्येक अंक का स्थानीय मान बताओ और विस्तारित रूप में लिखो |** M501

हल:- 89063 का स्थानीय मान

| अंक | स्थानीय मान | |
|---|---|---|
| 3 | $3 \times 1$ | = 3 |
| 6 | $6 \times 10$ | = 60 |
| 0 | $0 \times 100$ | = 0 |
| 9 | $9 \times 1000$ | = 9000 |
| 8 | $8 \times 10000$ | = 80000 |

विस्तारित रूप -

89063 = 80000 + 9000 + 0 + 60 + 3

**प्रश्न 19. एक पुल निर्माण में 338 पुरुष व 265 महिलाएं मजदूरी करते हैं | पुल को बनाने के लिए कुल मजदूरों की संख्या का आकलन करो |** M501

हल:- 338 व 265 का आकलन करने से पहले 338 व 265 का सैकड़े के निकटतम मान ज्ञात करते है तथा उन्हें जोड़ते हैं |

338 के सैकड़े का निकटतम मान = 300

265 के सैकड़े का निकटतम मान = 300

| आकलित मान | वास्तविक मान |
|---|---|
| 300 | 338 |
| + 300 | + 265 |
| 600 | 603 |

उत्तर- आकलित मजदूरों की संख्या = 600

वास्तविक मजदूरों की संख्या = 603

**प्रश्न 20. एक टी.वी. की कीमत 5680 रूपये है और एक साईकिल की कीमत 3140 रूपये है | दोनों के कीमतों के अंतर का आकलन करो |** M501

हल:-

| संख्या | हजार का निकटतम मान |
|---|---|
| 5680 | 6000 |
| 3140 | 3000 |

आकलित अंतर

6000
- 3000
3000

वास्तविक अंतर

5680
- 3140
2540

उत्तर- दोनों की कीमत का आकलित अंतर = 3000 रु.

वास्तविक अंतर = 2540 रु.

# अध्याय - 2
## संक्रियाएँ

**प्रश्न 1. 47654 व 37366 का योग होगा -** M502

(a) 85020 (b) 8501

(c) 86020 (d) 85120

उत्तर- (a) 85020

**प्रश्न 2. 756739 व 455641 का अंतर होगा -** M502

(a) 301088 (b) 1212380

(c) 301098 (d) 310098

उत्तर- (c) 301098

**प्रश्न 3. पांच अंको की सबसे छोटी संख्या व छः अंकों की सबसे बड़ी संख्या का योगफल होगा -** M502

(a) 9999999 (b) 1999999

(c) 1099999 (d) 1009999

उत्तर- (d) 1009999

**प्रश्न 4. 7 का परम मित्र अंक होगा -** M504

(a) 7 (b) 8

(c) 6 (d) 3

उत्तर- (d) 3

**प्रश्न 5. जिस संख्या से भाग देते है उसे कहते हैं -** M503

(a) भाज्य (b) भाजक

(c) भागफल (d) शेषफल

उत्तर- (b) भाजक

**प्रश्न 6. निम्न में कौन त्रिभुजीय संख्या है -** M515

(a) 4 (b) 5

(c) 6 (d) 7

उत्तर- (c) 6

**प्रश्न 7. 812 और 0 का गुणनफल होगा -** M502

(a) 812 (b) 800

(c) अनंत (d) 0

उत्तर- (d) 0

M502

**प्रश्न 8. योगफल ज्ञात करो -**

**a. 40312, 5040 और 809**

हल:-

```
    40312
     5040
+     809
---------
    46161
```

उत्तर = 46161

**b. 87065 व 76955**

हल:-

```
   87065
 + 76955
--------
  164020
```

उत्तर- 164020

**प्रश्न 9. अंतर ज्ञात करों -** M502

**a. 87364 व 56343 का**

हल:-

```
    87364
 -  56343
---------
    31021
```

उत्तर- 31021

**b. 378034 व 89143 का**

हल:-

```
   378034
 -  89143
---------
   288891
```

**प्रश्न 10. गुणनफल ज्ञात करो -** M502

**a. 8438 × 30**

हल:-

```
 8438 × 30
-----------
  253140
```

**b. 6308 × 476**

हल:-

```
 6308  × 476
-------------
   37848
  44156×
 25232××
-------------
 3002608
```

उत्तर- 3002608

**प्रश्न 11. भाग दो** M503

**a. 6916 ÷ 13**

हल:-

```
13 ) 6916 ( 532
     65
     ----
     ×41
      39
     ----
      ×26
       26
      ----
       00
```

भागफल = 532

शेषफल = 0

**b. 38778 ÷ 69**

हल:-

```
69 ) 38778 ( 562
     345
     -----
     ×427
      414
      -----
      ×138
       138
       -----
        000
```

भागफल = 562

शेषफल = 0

**प्रश्न 12. देखो समझो और पूरा करो -** M504, M515

A.




B.




**प्रश्न 13. रेणु ने 15 दिन में 2165 व रीनू ने 3758 मास्क बनाएँ बताओ दोनों ने कुल कितने मास्क बनाएँ |** M504

हल:- रेणु ने = 2165

रीनू ने = 3758

---

कुल = 5923

उत्तर - कुल 5923 मास्क बनाएँ |

**प्रश्न 14. छः अंको की सबसे बड़ी संख्या व पाँच अंको की सबसे बड़ी संख्या का अंतर बताओ |** M502

हल:- छः अंको की सबसे बड़ी संख्या = 999999

पांच अंको की सबसे बड़ी संख्या = 99999

अंतर 999999

- 99999

---

900000

अंतर = 900000

**प्रश्न 15. एक बोतल सेनेटाइजर का मूल्य 52 रु. है तो ऐसी 25 बोतल सेनेटाइजर का मूल्य ज्ञात करो |** M504

हल:- 52 × 25

260

1040

1300

उत्तर - 1300 रूपये

**प्रश्न 16. यदि 27 मोबाइल सेट का मूल्य 41229 रूपये है | बताओ एक मोबाइल सेट कितने रूपये में खरीद सकते है |** M504

हल:- 41229 ÷ 27

27 ) 41229 ( 1527

− 27

142

− 135

0072

− 54

189

− 189

000

उत्तर - एक मोबाइल सेट 1527 रूपये में खरीद सकते है |

**प्रश्न 17. चार अंक की सबसे बड़ी संख्या व 4927 का अंतर बताओ |** M502

हल:- चार अंक की सबसे बड़ी संख्या = 9999

9999

\- 4927

5072

उत्तर - 5072

**प्रश्न 18. किसी चुनाव में तीन उम्मीदवार थे | पहले उम्मीदवार को 3,88,477 और दूसरे उम्मीदवार को 1,70,155 मत मिले | यदि कुल 7,09,631 मत डाले गए तो बताओ तीसरे उम्मीदवार को कितने मत मिले ?** M504

हल:- पहले उम्मीदवार को मत = 3,88,477

दूसरे उम्मीदवार को मत = 1,70,155

दोनों को मिले कुल मत = 3,88,477 + 1,70,155 = 5,58,632

कुल मतो की संख्या = 7,09,631

अत: तीसरे उम्मीदवार को = 7,09,631

$$\begin{array}{r} 7,09,631 \\ -\ 5,58,632 \\ \hline 1,50,999 \end{array}$$

उत्तर - तीसरे उम्मीदवार को 1,50,999 मत मिले |

**प्रश्न 19. दिए गए सवाल हल करो और उत्तर की जाँच करो -** M503

678956 ÷ 125

हल:- 125 ) 678956 ( 5431

$$\begin{array}{r} 678956 \\ -\ 625 \\ \hline 0539 \\ -\ 500 \\ \hline 0395 \\ -\ 375 \\ \hline 0206 \\ -\ 125 \\ \hline 081 \end{array}$$

M503

भागफल = 5431, शेषफल = 81

भाज्य = 678956, भाजक = 125

जाँच- भाज्य = भागफल × भाजक + शेषफल

भाज्य = 5431 × 125 + 81

= 678875 + 81

भाज्य = 678956

**प्रश्न 20. दो संख्याओं का गुणनफल 115625 है उनमें से एक संख्या 125 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात करो |** M504

हल:- गुणनफल = 115625

पहली संख्या = 125

दूसरी संख्या = ?

पहली संख्या × दूसरी संख्या = गुणनफल

$125 \times$ दूसरी संख्या = 115625

दूसरी संख्या = 115625 ÷ 125

$$
\begin{array}{r}
125\,\big)\; 115625 \;\big(\,925 \\
-\;1125\phantom{00} \\
\hline
00312\phantom{0} \\
-\;250\phantom{0} \\
\hline
0625 \\
-\;625 \\
\hline
000
\end{array}
$$

उत्तर - दूसरी संख्या 925 है |

## अध्याय - 3

## लाभ-हानि

**प्रश्न 1. विक्रय मूल्य का सही सूत्र होगा -**

(a) वि.मू. = क्र.मू. - हानि (b) वि.मू. = क्र.मू. + हानि

(c) वि.मू. = लाभ + हानि (d) वि.मू. = क्र.मू. - लाभ

उत्तर- (a) वि.मू. = क्र.मू. - हानि

**प्रश्न 2. लाभ का अर्थ है -**

(a) लाभ > वि.मू. (b) वि.मू. > क्र.मू.

(c) क्र.मू. > वि.मू. (d) वि.मू. = क्र.मू.

उत्तर- (b) वि.मू. > क्र.मू.

**प्रश्न 3. यदि विक्रय मूल्य 600 रु. व क्रय मूल्य 645 रु. तो हानि होगा -**

(a) 600 रु. का (b) 645 रु. का

(c) 45 रु. का (d) 1245 रु. का

उत्तर- (c) 45 रु. का

**प्रश्न 4. हानि का सही सूत्र है -**

(a) हानि = वि.मू. - लाभ (b) हानि = वि.मू. - क्र.मू.

(c) हानि = वि.मू. + क्र.मू. (d) हानि = क्र.मू. - वि.मू.

उत्तर- (d) हानि = क्र.मू. - वि.मू.

**प्रश्न 5. यदि किसी वस्तु का क्रय मूल्य 565 रु. व लाभ 35 रु. हो तो विक्रय मूल्य होगा -**

(a) 600 रु. (b) 530 रु.

(c) 565 रु. (d) 35 रु.

उत्तर- (a) 600 रु.

**प्रश्न 6. क्रय मूल्य ज्ञात करने के लिए विक्रय मूल्य में हानि को -**

(a) जोड़ते है (b) घटाते है

(c) गुणा करते है (d) भाग देते है

उत्तर- (a) जोड़ते है

**प्रश्न 7. यदि विक्रय मूल्य 775 रु. व क्रय मूल्य 785 रु. तो लाभ/हानि ज्ञात करो ?** M504

हल:- चूँकि क्र.मू. > वि. मू. = हानि

हानि = क्रय मूल्य - विक्रय मूल्य

= 785 - 775

= 10 रु.

उत्तर - 10 रूपये हानि होगा |

**प्रश्न 8. यदि विक्रय मूल्य 970 रूपये व हानि 30 रूपये हो तो क्रय मूल्य बताइए ?** M504

हल:- क्रय मूल्य = विक्रय मूल्य + हानि

= 970 + 30

= 1000 रु.

**प्रश्न 9. यदि क्रय मूल्य 757 रु. व हानि 97 रु. हो तो विक्रय मूल्य बताओ ?** M504

हल:- विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य - हानि

= 757 - 97

= 660 रु.

उत्तर - विक्रय मूल्य 660 रु. होगा |

**प्रश्न 10. एक खिलौने को 370 रुपये में बेचने पर 78 रूपये की हानि होती है| खिलौने का क्रय मूल्य क्या होगा |** M504

हल:- क्रय मूल्य = ?

विक्रय मूल्य = 370 रुपये

हानि = 78 रूपये

क्रय मूल्य = विक्रय मूल्य + हानि

= 370 + 78

= 448 रु.

उत्तर - क्रय मूल्य 448 रु. होगा |

**प्रश्न 11. क्रय मूल्य 999 रूपये, विक्रय मूल्य 1000 रूपये तो लाभ/हानि ज्ञात करो -** M504

हल:- विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य + लाभ

लाभ = विक्रय मूल्य - क्रय मूल्य

= 1000 -999

लाभ = 1 रु.

**प्रश्न 12. राधिका ने एक मशीन 4000 रूपये में खरीदा और 30 दिन बाद 380 रूपये लाभ लेकर बेच दिया | मशीन का विक्रय मूल्य ज्ञात करो ?** M504

हल:- क्रय मूल्य = 4000 रूपये

लाभ = 380 रूपये

विक्रय मूल्य = ?

विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य + लाभ

= 4000 + 380

= 4380 रूपये

उत्तर - मशीन का विक्रय मूल्य 4380 रूपये है |

**प्रश्न 13. गीता ने एक पंखा 52 रूपये घाटा लेते हुए, 895 रूपये में बेचा | पंखे का क्रय मूल्य बताओ?** M504

हल:- विक्रय मूल्य = 895 रूपये

हानि = 52 रूपये

क्रय मूल्य = ?

क्रय मूल्य = विक्रय मूल्य + हानि

= 895 + 52

= 947 रु.

उत्तर - पंखे का क्रय मूल्य 947 रु. है |

**प्रश्न 14. ओम ने 1 कुर्सी 530 रूपये में खरीदकर 600 रूपये में बेचा बताओ उसे कितना लाभ हुआ ?** M504

हल:- कुर्सी का क्रय मूल्य = 530 रूपये

विक्रय मूल्य = 600 रूपये

विक्रय मूल्य = क्रय मूल्य + लाभ

लाभ = विक्रय मूल्य - क्रय मूल्य

= 600 - 530

= 70 रूपये

उत्तर - 70 रूपये का लाभ हुआ |

**प्रश्न 15. राजू ने 20 लीटर दूध 800 रूपये में खरीदा और 42 रूपये प्रति लीटर के भाव से बेचा| उसको होने वाली लाभ/हानि की गणना करो ।** M504

हल:- कुल क्रय मूल्य = 800 रूपये

कुल विक्रय मूल्य = 20 × 42 = 840 रूपये

चूँकि विक्रय मूल्य > क्रय मूल्य = लाभ

लाभ = विक्रय मूल्य - क्रय मूल्य

= 840 - 800

= 40 रूपये

उत्तर - 40 रूपये का लाभ हुआ |

**प्रश्न 16. प्रांजल ने 20 रूपये में 5 चाकलेट खरीदा और 15 रूपये में बेचा | प्रांजल को होने वाली लाभ/हानि की गणना कीजिए ।** M504

हल:- क्रय मूल्य = 20 रूपये

विक्रय मूल्य = 15 रूपये

चूँकि क्रय मूल्य > विक्रय मूल्य = हानि

हानि = क्रय मूल्य - विक्रय मूल्य

= 20 - 15

= 5 रूपये

उत्तर - 5 रूपये की हानि हुई |

**प्रश्न 17. पुनिया ने 5 रूपये में प्रति नग की दर से 20 संतरे खरीदा | उसने 10 संतरे प्रति नग 6 रूपये और शेष संतरे 3 रूपये प्रति नग के भाव से बेचा | क्या पुनिया इस लेन-देन से लाभान्वित हुआ ?** M504

हल:- कुल क्रय मूल्य = 20 × 5 = 100 रु.

10 संतरे का विक्रय मूल्य = 10 × 6 = 60 रूपये

शेष संतरे का विक्रय मूल्य = 10 × 3 = 30 रूपये

कुल विक्रय मूल्य = 60+30 = 90 रूपये

चूँकि विक्रय मूल्य < क्रय मूल्य = हानि

हानि = क्रय मूल्य - विक्रय मूल्य

हानि = 100 - 90

हानि = 10 रूपये

उत्तर - पुनिया को 10 रु. की हानि हुई |

**प्रश्न 18. किशोर ने 8 कुर्सियां 3200 रूपये में बेचा | जबकि उसने 5 कुर्सियां 2500 रूपये में तथा 3 कुर्सियां 1050 रूपये में खरीदा था | इस लेन-देन में किशोर को होने वाले फायदे/नुकसान की गणना कीजिए?** M504

हल:- 8 कुर्सियों का विक्रय मूल्य = 3200 रूपये

8 कुर्सियों का क्रय मूल्य =

5 कुर्सियों का क्रय मूल्य = 2500 रु.

3 कुर्सियों का क्रय मूल्य = 1050 रु.

कुल 8 कुर्सियों का क्रय मूल्य = 2500 + 1050 = 3550 रु.

चूँकि क्रय मूल्य > विक्रय मूल्य = हानि

हानि = क्रय मूल्य - विक्रय मूल्य

हानि = 3550 - 3200

हानि = 350 रूपये

उत्तर - किशोर को 350 रु. का नुकसान हुआ |

**प्रश्न 19. गौरव ने प्रत्येक खिलौने पर 15 रूपये लाभ लेकर 20 खिलोने को 975 रूपये में बेचा| खिलौने का कुल क्रय मूल्य बताओ ?** M504

हल:- कुल विक्रय मूल्य = 975 रु.

कुल लाभ = 20 × 15 = 300 रु.

क्रय मूल्य = ?

क्रय मूल्य = विक्रय मूल्य - लाभ

क्रय मूल्य = 975 - 300

= 675 रूपये

उत्तर - 20 खिलोने का कुल क्रय मूल्य 675 रु. है |

# अध्याय - 4

## ऐकिक नियम

**प्रश्न 1. 6 सेनेटाइजर बाँटल की कीमत 312 रूपये है तो एक सेनेटाइजर बाँटल की कीमत होगी-** M503

(a) 306 रु. (b) 318 रु.

(c) 52 रु. (d) 62 रु.

उत्तर- (c) 52 रु.

**प्रश्न 2. एक कि.ग्रा. खीरा की कीमत 15 रुपये है, तो 3.5 कि.ग्रा. खीरा की कीमत होगी -**

(a) 45 रु. (b) 52.00 रु.

(c) 52.50 रु. (d) 45.50 रु.

उत्तर- (c) 52.50 रु.

**प्रश्न 3. एक समान चाल से रेलगाड़ी 3 घंटे में 321 कि.मी. चलती है तो 1 घंटे में चलेगी -** M503

(a) 107 कि.मी. (b) 100 कि.मी.

(c) 963 कि.मी. (d) 17 कि.मी.

उत्तर- (a) 107 कि.मी.

**प्रश्न 4. 5 रूपये में एक पेंसिल आती है, तो 5 पेंसिल खरीदने के लिए कीमत देने होंगे -**

(a) 25 रु. (b) 50 रु.

(c) 625 रु. (d) 125 रु.

उत्तर- (a) 25 रु.

**प्रश्न 5. यदि एक से अधिक वस्तुओं का मूल्य दिया गया हो तो एक वस्तु का मूल्य ज्ञात करने के लिये सही सूत्र होगा -**

(a) एक वस्तु का मूल्य = दी गई वस्तुओं का मूल्य × वस्तुओं की संख्या

(b) एक वस्तु का मूल्य = दी गई वस्तुओं का मूल्य ÷ वस्तुओं की संख्या

(c) एक वस्तु का मूल्य = वस्तुओं की संख्या

(d) एक वस्तु का मूल्य = दी गई वस्तुओं का मूल्य

उत्तर- (b) एक वस्तु का मूल्य = दी गई वस्तु का मूल्य ÷ वस्तुओं की संख्या

**प्रश्न 6. मध्यान्ह भोजन में 81 बच्चों को 6480 ग्राम चाँवल वितरित किया गया | प्रत्येक बच्चे को कितना चाँवल मिला -** M503

(a) 80 ग्राम (b) 100 ग्राम

(c) 81 ग्राम (d) 90 ग्राम

उत्तर- (a) 80 ग्राम

**प्रश्न 7. एक वस्तु का मूल्य ज्ञात हो और अधिक वस्तुओं का मूल्य ज्ञात करने के लिए, गणितीय संक्रिया होगी -**

(a) भाग (b) घटाना

(c) गुणा (d) कुछ नहीं

उत्तर- (c) गुणा

**प्रश्न 8. एक किसान 3 घंटे खेत कि जुताई के लिए 975 रुपये चुकाता है वह प्रति घंटे कितना रुपये चुकाता है ?** M503

हल:- चूँकि 3 घंटे में 975 रूपये

तो 1 घंटे में = 975 ÷ 3

3 ) 975 ( 325
– 9
07
– 6
15
– 15
00

उत्तर - 325 रूपये चुकाता है |

**प्रश्न 9. 2000 मिली. दूध से 250 मिली. धारिता वाले कितने गिलास भरे जा सकते है?** M503

हल:- चूँकि 250 मिली. = 1 गिलास

तो 1 मिली. $= \frac{1}{250}$

∴ 2000 मिली. $= \frac{1}{250} \times 2000$

= 2000 ÷ 250 = 8 गिलास

उत्तर - 8 गिलास भरे जा सकते हैं |

**प्रश्न 10. 8 मोबाइल का मूल्य 8400 रूपये है तो 1 मोबाइल का मूल्य ज्ञात कीजिए ?** M503

हल:- 8 मोबाइल = 8400 रूपये

1 मोबाइल = 8400 ÷ 8

```
8 ) 8400 ( 1050
  − 8
  ----
    04
  − 0
  ----
    40
  − 40
  ----
     000
    − 0
    ----
       0
```

उत्तर - 1 मोबाइल 1050 रूपये का है |

**प्रश्न 11. यदि एक श्रमिक को 7 दिन की मजदूरी 1120 रु. मिला, तो श्रमिक की 1 दिन की मजदूरी कितनी है ?** M503

हल:- चूँकि 7 दिन की मजदूरी = 1120 रु.

तो 1 दिन की मजदूरी = 1120 ÷ 7

```
7 ) 1120 ( 160
  − 7
  ----
    42
  − 42
  ----
    000
   − 0
   ----
     0
```

उत्तर - 160 रूपये |

**प्रश्न 12. यदि 7 किग्रा. टमाटर की कीमत 105 रु. है | 3 किग्रा. टमाटर की कीमत ज्ञात करो ?** M502 M503

हल:- चूँकि 7 किग्रा. टमाटर की कीमत 105 रु. है

तो 1 किग्रा. टमाटर की कीमत = 105 ÷ 7 = 15 रूपये

∴ 3 किग्रा. टमाटर की कीमत = 15 × 3 = 45 रूपये

उत्तर - 45 रूपये होगी |

**प्रश्न 13. रायपुर से दिल्ली की सीधी दूरी 1200 किमी. है | 1 हवाई जहाज की चाल 600 किमी. प्रति घंटा है तो रायपुर से दिल्ली पहुँचने में कितना समय लगेगा ?** M503

हल:- 600 किमी. की दूरी 1 घंटा में

तो 1 किमी. की दूरी = $\frac{1}{600}$

$\therefore$ 1200 किमी. की दूरी = $\frac{1}{600} \times 1200 = 1200 \div 600 = 2$

उत्तर - 2 घंटा लगेगा |

**प्रश्न 14. आर्या 80 मास्क बनाता है जिसकी लागत 640 रूपये आती है । वह 400 मास्क बाँटता है, तो बताइए उसने कितने रुपये खर्च किया ?** M502 M503

हल:- चूँकि 80 मास्क की लगत 640 रूपये

तो 1 मास्क की कीमत = $640 \div 80 = 8$ रु.

$\therefore$ 400 मास्क की कीमत = $400 \times 8 = 3200$ रु.

उत्तर - आर्या ने 3200 रु. खर्च किया |

**प्रश्न 15. एक चौक से एक घंटे में 240 वाहन गुजरती है । तो बताइए इसी दर से 90 मिनट में कितना वाहन गुजरेगा ?** M502 M503

हल:- 1 घंटा = 60 मिनट

चूँकि 60 मिनट (1 घंटा) में 240 वाहन

तो 1 मिनट में = $240 \div 60 = 4$ वाहन

$\therefore$ 90 मिनट में = $90 \times 4 = 360$ वाहन

उत्तर - 360 वाहन |

# अध्याय - 5

## औसत

**प्रश्न 1. औसत का सही सूत्र है -**

(a) औसत $= \dfrac{\text{आंकड़ो की संख्या}}{\text{आंकड़ो का योग}}$

(b) औसत $= \dfrac{\text{आंकड़ो का गुणन}}{\text{आंकड़ो की संख्या}}$

(c) औसत $= \dfrac{\text{आंकड़ो की संख्या}}{\text{आंकड़ो का गुणा}}$

(d) औसत $= \dfrac{\text{आंकड़ो का योग}}{\text{आंकड़ो की संख्या}}$

उत्तर- (d) औसत $= \dfrac{\text{आंकड़ो का योग}}{\text{आंकड़ो की संख्या}}$

**प्रश्न 2. प्रथम पाँच प्राकृत संख्याओं का औसत मान होगा -**

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 5

उत्तर- (b) 3

**प्रश्न 3. प्रथम 10 पूर्ण संख्याओं का औसत मान होगा -**

(a) 45 (b) 4.5

(c) 55 (d) 5

उत्तर- (b) 4.5

**प्रश्न 4. 11, 12 और 13 का औसत मान होगा -**

(a) 12 (b) 36

(c) 19 (d) 3

उत्तर- (a) 12

**प्रश्न 5. किसी एक संख्या का औसत मान होगा -**

(a) उस संख्या से अधिक (b) उस संख्या से कम

(c) एक (d) उस संख्या के बराबर

उत्तर- (d) उस संख्या के बराबर

**प्रश्न 6. प्रथम पाँच विषम संख्याओं का औसत मान ज्ञात करो -**

हल:- विषम संख्या = 1,3,5,7,9

$$\text{औसत} = \frac{\text{आंकड़ो का योग}}{\text{आंकड़ो की संख्या}}$$

$$= \frac{1+3+5+7+9}{5}$$

$$= \frac{25}{5} = 5$$

उत्तर - औसत मान 5 है |

**प्रश्न 7. प्रथम 5 प्राकृत सम संख्याओं का औसत मान ज्ञात करो |**

हल:- सम संख्या = 2,4,6,8,10

आँकड़ो की संख्या = 5

$$\text{औसत} = \frac{2+4+6+8+10}{5}$$

$$= \frac{30}{5} = 6$$

उत्तर - प्रथम 5 प्राकृत सम संख्याओं का औसत मान 6 है |

**प्रश्न 8. प्रथम 3 भाज्य संख्याओं का औसत मान ज्ञात करो -**

हल:- भाज्य संख्या = 4,6,8

आंकड़ो की संख्या = 3

$$\text{औसत} = \frac{\text{आंकड़ो का योग}}{\text{आंकड़ो की संख्या}}$$

$$= \frac{4+6+8}{3}$$

$$= \frac{18}{3} = 6$$

उत्तर - औसत 6 है |

**प्रश्न 9. एक फल विक्रेता ने तीन दिनों में क्रमशः 500 रु., 400 रु. और 600 रु. के फल बेचे, तो उसने औसतन कितने रूपये के फल बेचा |**

हल:- औसत = $\frac{\text{आंकड़ो का योग}}{\text{आंकड़ो की संख्या}}$

$= \frac{500+400+600}{3}$

$= \frac{1500}{3} = 500$

उत्तर - औसतन 500 रु. के फल बेचे |

**प्रश्न 10. कक्षा 5वीं के बच्चों ने 5 दिनों में क्रमशः 10,15,12,13 और 5 पेड़ लगाये तो बच्चों ने औसतन प्रतिदिन कितने पेड़ लगाये ?**

हल:- औसत = $\frac{\text{आंकड़ो का योग}}{\text{आंकड़ो की संख्या}}$

$= \frac{10+15+12+13+5}{5}$

$= \frac{55}{5} = 11$

उत्तर - औसतन 11 पेड़ लगाये |

**प्रश्न 11. एक क्रिकेट खिलाड़ी ने पांच अलग-अलग मैचो में क्रमशः 50,40,60,70 और 85 रन बनाये | बताओ, खिलाड़ी ने प्रत्येक मैच में औसतन कितने रन बनाये ?**

हल:- आंकड़े = 50,40,60,70 और 85

आंकड़ो की संख्या = 5

औसत = $\frac{\text{आंकड़ो का योग}}{\text{आंकड़ो की संख्या}}$

$= \frac{50+40+60+70+85}{5}$

$= \frac{305}{5} = 61$

उत्तर - खिलाड़ी ने औसतन 61 रन बनाये |

**प्रश्न 12. हमारे विद्यालय के 6 माह का बिजली बिल क्रमशः 150 रूपये, 210 रूपये, 170 रूपये, 250 रूपये, 300 रूपये और 240 रूपये आया | विद्यालय ने हर महीने औसतन कितने रूपये भुगतान किए |**

हल:- आंकड़े = 150,210,170,250,300,240

आंकड़ो की संख्या = 6

$$\text{औसत} = \frac{\text{आंकड़ो का योग}}{\text{आंकड़ो की संख्या}}$$

$$= \frac{150+210+170+250+300+240}{6}$$

$$= \frac{1320}{6} = 220$$

उत्तर - बिजली बिल औसतन 220 रूपये भुगतान किए |

**प्रश्न 13. कोरोना वायरस आपातकाल में देश के पांच बड़े मंदिरों से क्रमशः 200, 350, 800, 250 और 150 करोड़ रूपये प्रधानमंत्री सहायता कोष में दान किया | बताओ औसतन प्रत्येक मंदिर ने कितने राशि का दान किया ?**

हल:- आंकड़े = 200, 350, 800, 250 व 150

आंकड़ो की संख्या = 5

$$\text{औसत} = \frac{\text{आंकड़ो का योग}}{\text{आंकड़ो की संख्या}}$$

$$= \frac{200+350+800+250+150}{5}$$

$$= \frac{1750}{5} = 350$$

उत्तर - औसतन प्रत्येक मंदिर ने 350 करोड़ रूपये दान किया ।

**प्रश्न 14. दो विद्यालयों A व B के साप्ताहिक उपस्थिति इस प्रकार है**

| **दिन** | **विद्यालय A** | **विद्यालय B** |
|---|---|---|
| सोमवार | 45 | 36 |
| मंगलवार | 48 | 40 |
| बुधवार | 38 | 52 |
| गुरुवार | 48 | 42 |
| शुक्रवार | 50 | 55 |
| शनिवार | 35 | 45 |

बताओ किस विद्यालय की उपस्थिति अच्छी है ?

हल:- विद्यालय A

आंकड़े = 45, 48, 38, 48, 50, व 35

आंकड़ो की संख्या = 6

$$\text{औसत} = \frac{\text{आंकड़ो का योग}}{\text{आंकड़ो की संख्या}}$$

$$= \frac{45+48+38+48+50+35}{6}$$

$$= \frac{264}{6} = 44$$

विद्यालय A की औसत उपस्थिति = 44 है |

विद्यालय B

आंकड़े = 36, 40, 52, 42, 55, व 45

आकड़ो की संख्या = 6

$$\text{औसत} = \frac{36+40+52+42+55+45}{6}$$

$$= \frac{270}{6} = 45$$

विद्यालय B की औसत उपस्थिति 45 है |

अत: विद्यालय B की औसत उपस्थिति अच्छी है |

## अध्याय-6

## गुणज एवं गुणनखंड

**प्रश्न 1. निम्न में से कौन सी सबसे छोटी भाज्य संख्या है -**

(a) 2 (b) 4

(c) 6 (d) 8

उत्तर- (b) 4

**प्रश्न 2. 4 व 6 का लघुतम समापवर्त्य होगा -**

(a) 4 (b) 6

(c) 12 (d) 24

उत्तर- (c) 12

**प्रश्न 3. ऐसी संख्याएं जिनके केवल दो ही गुणनखंड होते है वे संख्याएं होगी -**

(a) अभाज्य (b) भाज्य

(c) अपवर्तक (d) प्राकृत संख्या

उत्तर- (a) अभाज्य

**प्रश्न 4. 8 व 12 का महत्तम समापवर्तक है -**

(a) 1 (b) 4

(c) 8 (d) 12

उत्तर- (b) 4

**प्रश्न 5. 16 के गुणज (अपवर्त्य) है -**

(a) 2 (b) 4

(c) 8 (d) 16

उत्तर- (d) 16

**प्रश्न 6. 8 का गुणनखंड (अपवर्तक) होगा -**

(a) 32 (b) 16

(c) 6 (d) 4

उत्तर- (d) 4

**प्रश्न 7. 2, 3 और 4 का लघुतम समापवर्त्य होगा -**

(a) 9 (b) 12

(c) 24 (d) 1

उत्तर- (b) 12

**प्रश्न 8. 6 और 12 के बीच की सभी अभाज्य संख्या लिखो ?**

हल - 7 और 11

**प्रश्न 9. 7 के कोई चार अपवर्त्य लिखो -**

हल - 7, 14, 21, 28 ...............

**प्रश्न 10. 9 के सभी अपवर्तक (गुणनखंड) लिखो -**

हल - 1, 3, 9

**प्रश्न 11. (a) ऐसी संख्या लिखो जो सभी संख्याओं का गुणनखंड (अपवर्तक) है -**

उत्तर - 1

**(b) ऐसी संख्या लिखो जो किसी का गुणनखंड नहीं है ।**

उत्तर- 0

**प्रश्न 12. 6 व 9 का लघुतम समापवर्त्य ज्ञात करो -**

हल - 6 के अपवर्त्य = 6, 12, 18, 24, 30, 36

9 के अपवर्त्य = 9, 18, 27, 36.........

समान अपवर्त्य = 18, 36..........

उत्तर- लघुतम समान अपवर्त्य = 18

या

| | |
|---|---|
| 2 | 6, 9 |
| 3 | 3, 9 |
| 3 | 1, 3 |
| | 1, 1 |

लघुतम समापवर्त्य = $2 \times 3 \times 3$

उत्तर - ल० स० = 18

**प्रश्न 13. 11 से 20 के बीच सभी भाज्य संख्या लिखो -**

उत्तर - 12, 14, 15, 16, 18

**प्रश्न 14. 1 से 10 के बीच सभी अभाज्य संख्या लिखो -**

उत्तर - 2, 3, 5, 7

**प्रश्न 15. 15 और 20 के समापवर्तक लिखो-**

उत्तर - 15 के अपवर्तक = 1, 3, 5, 15

20 के अपवर्तक = (1, 2, 4, 5, 20)

समापवर्तक = 1, 5

**प्रश्न 16. 3 व 7 के समापवर्त्य लिखो -**

उत्तर - 3 के अपवर्त्य = 3, 6, 9, 12, 15, 18, 21.................

7 के अपवर्त्य = 7, 14, 21, 28, 35

3 व 7 के समापवर्त्य = 21............

**प्रश्न 17. 16 और 20 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात करो -**

हल - 16 के अपवर्तक = 1, 2, 4, 8, 16

20 के अपवर्तक = 1, 2, 4, 5, 10, 20

समापवर्तक = 1, 2, 4

उत्तर - महत्तम समापवर्तक = 4

| | |
|---|---|
| 2 | 16 |
| 2 | 8 |
| 2 | 4 |
| 2 | 2 |
| | 1 |

या

| | |
|---|---|
| 2 | 20 |
| 2 | 10 |
| 5 | 5 |
| | 1 |

16 = 2 × 2 × 2 × 2

20 = 2 × 2 × 5

म० स० = 2 × 2 = 4

**प्रश्न 18. 12, 18 और 24 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात करो -**

हल - 12 के अपवर्तक = 1, 2, 3, 4, 6, 12

18 के अपवर्तक = 1, 2, 3, 6, 9, 18

24 के अपवर्तक = 1, 2, 3, 4, 6, 8, 12, 24

समापवर्तक = 1, 2, 3, 6

उत्तर - महत्तम समापवर्तक = 6

या

| | |
|---|---|
| 2 | 12 |
| 2 | 6 |
| 3 | 3 |
| | 1 |

| | |
|---|---|
| 2 | 18 |
| 3 | 9 |
| 3 | 3 |
| | 1 |

| | |
|---|---|
| 2 | 24 |
| 2 | 12 |
| 2 | 6 |
| 3 | 3 |
| | 1 |

12 = 2 × 2 × 3

18 = 2 × 3 × 3

24 = 2 × 2 × 2 × 3

महत्तम समापवर्तक = 2 × 3

**प्रश्न 19. 5, 10 और 15 का लघुतम समापवर्त्य ज्ञात करो -**

हल - 5 के अपवर्त्य = 5, 10, 15, 20, 25, 30, 35, 40, 45, 50, 55, 60, 65

10 के अपवर्तक = 10, 20, 30, 40, 50, 60, 70

15 के अपवर्तक = 15, 30, 45, 60, 75 ........

समापवर्त्य = 30, 60 ...............

उत्तर - लघुतम समापवर्त्य = 30

या

| | |
|---|---|
| 2 | 5, 10, 15 |
| 3 | 5, 5, 15 |
| 5 | 5, 5, 5 |
| | 1, 1, 1 |

लघुतम समापवर्तक = 2 × 3 × 5

ल० स० = 30

**प्रश्न 20. सबसे छोटी भाज्य संख्या और सबसे छोटी अभाज्य संख्या का लघुतम समापवर्त्य व महत्तम समापवर्तक ज्ञात करो -**

हल - सबसे छोटी भाज्य संख्या = 4

सबसे छोटी अभाज्य संख्या = 2

लघुतम समापवर्त्य

4 के अपवर्त्य = 4, 8, 12, 16

2 के अपवर्त्य = 2, 4, 6, 8, 10, 12

समापवर्त्य = 4, 8, 12

**हल -** लघुतम समापवर्त्य = 4

महत्तम समापवर्तक

4 के अपवर्तक = 1, 2, 4

2 के अपवर्तक = 1, 2

समापवर्तक = 1, 2

म॰ स॰ = 2

**उत्तर** - ल॰ स॰ = 4

म॰ स॰ = 2

# अध्याय - 7

## भिन्नो पर संक्रियाएँ

**प्रश्न 1. 5/7 की तुल्य भिन्न होगी -** M506

(a) 10/7 (b) 5/14

(c) 10/14 (d) 1/7

उत्तर- (c) 10/14

**प्रश्न 2. सम भिन्न होगा -** M505

(a) 4/5 (b) 5/4

(c) 4/4 (d) 5/5

उत्तर- (a) 4/5

**प्रश्न 3. मिश्र भिन्न** $4\frac{5}{7}$ **का विषम भिन्न होगा-** M505

(a) 27/7 (b) 33/7

(c) 16/7 (d) 55/7

उत्तर- (b) 33/7

**प्रश्न** 4. $\frac{2}{3}+\frac{4}{5}$ **का मान होगा -** M506

(a) 6/8 (b) 10/12

(c) 8/15 (d) 22/15

उत्तर- (d) 22/15

**प्रश्न** 5. $\frac{5}{7}-\frac{2}{3}$ **का मान होगा -** M506

(a) 1/21 (b) 3/21

(c) 3/14 (d) 7/21

उत्तर- (a) 1/21

**प्रश्न 6. $\frac{8}{12}$ का सरलतम रूप है -** M506

(a) 8/12 (b) 4/6

(c) 2/3 (d) 1/12

उत्तर- (c) 2/3

**प्रश्न 7. 8 ÷ $\frac{3}{5}$ को विषम भिन्न में बदलो -** M506

(a) 24/5 (b) 40/3

(c) 12 (d) 32

उत्तर- (b) 40/3

**प्रश्न 8. मिश्र भिन्न 2 $\frac{3}{5}$ का विषम भिन्न होगा-** M505 M506

हल - $2\frac{3}{5}$

$= \frac{2}{1} + \frac{3}{5}$

$= \frac{2\times5}{1\times5} + \frac{3}{5} = \frac{10}{5} + \frac{3}{5}$

$= \frac{10+3}{5} = \frac{13}{5}$

या

$= 2\frac{3}{5} = \frac{2\times5+3}{5} = \frac{10+3}{5}$

उत्तर - $\frac{13}{5}$

**प्रश्न 9. $\frac{4}{5}+\frac{1}{2}$ को हल करो -** M506

हल - $\frac{4}{5}+\frac{1}{2}$

$= \frac{4\times2}{5\times2}+\frac{1\times5}{2\times5}$

$= \frac{8}{10}+\frac{5}{10}$

$= \frac{8+5}{10} = \frac{13}{10}$

**प्रश्न 10. भिन्न $\frac{2}{7}$ के तीन तुल्य भिन्न लिखो -** M506

हल $\frac{2}{7}$ के तीन तुल्य भिन्न

$\frac{2}{7}\times\frac{2}{2} = \frac{4}{14}$

$\frac{2}{7}\times\frac{3}{3} = \frac{6}{21}$

$\frac{2}{7}\times\frac{4}{4} = \frac{8}{28}$

उत्तर $\frac{2}{7}$ के तीन तुल्य भिन्न $\frac{4}{14}, \frac{6}{21}, \frac{8}{28}$

**प्रश्न 11. $\frac{6}{7}\times3$ को हल- करो-** M506

हल $\frac{6}{7}\times3$ या $\frac{6}{7}\times\frac{3}{1}$

$\Rightarrow \frac{6\times3}{7\times1} = \frac{18}{7}$

उत्तर $\frac{18}{7}$

**प्रश्न 12. $\frac{5}{8} \div 3$ को हल करो-** M506

हल $\frac{5}{8} \div 3$ या $= \frac{5}{8} \div \frac{3}{1}$

$$\frac{5}{8} \times \frac{1}{3} = \frac{5 \times 1}{8 \times 3}$$

उत्तर $\frac{5}{24}$

**प्रश्न 13. $\frac{3}{8}, \frac{3}{5}, \frac{3}{16}, \frac{3}{14}$ को आरोही क्रम (बढ़ते क्रम) में लिखो-** M505

हल $\frac{3}{8}, \frac{3}{5}, \frac{3}{16}, \frac{3}{14}$

आरोही क्रम $\frac{3}{16} \angle \frac{3}{14} \angle \frac{3}{8} \angle \frac{3}{5}$

**प्रश्न 14. एक गिलास में $\frac{1}{5}$ लीटर दूध और एक जग में $\frac{5}{4}$ लीटर दूध आता है बताओ दोनो को मिलाने पर कुल कितना दूध होगा?** M506

हल गिलास में = $\frac{1}{5}$ लीटर दूध

जग में = $\frac{5}{4}$ लीटर दूध

दोनो में = $\frac{1}{5} + \frac{5}{4}$ दूध

$= \frac{1 \times 4 + 5 \times 5}{20}$

$= \frac{4+25}{20} = \frac{29}{20}$ लीटर

उत्तर $\frac{29}{20}$ लीटर या 1 $\frac{9}{20}$ लीटर

**प्रश्न 15. $\frac{2}{5} \div \frac{3}{9}$ को हल करो-** M506

हल $\frac{2}{5} \div \frac{3}{9}$

$\Rightarrow \frac{2}{5} \times \frac{9}{3}$

$\Rightarrow \frac{2 \times 9}{5 \times 3}$

उत्तर - $\frac{18}{15}$ या $\frac{6}{5}$

**प्रश्न 16. सरिता के पास $\frac{8}{10}$ कि.ग्रा मिठाई थी उसने आधी मिठाई राधा को दे दिया। बताओ राधा को कितने कि.ग्रा मिठाई मिली?** M506

हल- - कुल मिठाई $= \frac{8}{10}$ कि.ग्रा

राधा का भाग = कुल मिठाई का $\frac{1}{2}$ भाग

$= \frac{8}{10} \times \frac{1}{2}$

$= \frac{8}{20}$

$= \frac{2}{5}$ कि.ग्रा

उत्तर $\frac{2}{5}$ कि.ग्रा मिठाई मिली |

**प्रश्न 17. दिए गए चित्र का $\frac{3}{5}$ भाग छायांकित करो-** M505



हल-



**प्रश्न 18.** $\mathbf{\frac{2}{5}, \frac{3}{6}, \frac{1}{3}, \frac{3}{10}}$ **को अवरोही क्रम (घटते क्रम) में लिखो-** M506

हल $\frac{2}{5}$ की तुल्य भिन्ने = $\frac{4}{10}, \frac{6}{15}, \frac{8}{20}, \frac{10}{25}, \frac{12}{30}$

$\frac{3}{6}$ की तुल्य भिन्ने = $\frac{6}{12}, \frac{9}{18}, \frac{12}{24}, \frac{15}{30}, \frac{18}{36}$

$\frac{1}{3}$ की तुल्य भिन्ने = $\frac{2}{6}, \frac{3}{9}, \frac{4}{12}, \frac{5}{15}, \frac{6}{18}, \frac{7}{21}, \frac{8}{24}, \frac{9}{27}, \frac{10}{30}$

$\frac{3}{10}$ की तुल्य भिन्ने = $\frac{6}{20}, \frac{9}{30}, \frac{12}{40},$

तुल्य भिन्नों में समान हर = 30

समान हर वाली तुल्य भिन्ने $\frac{12}{30}, \frac{15}{30}, \frac{10}{30}, \frac{9}{30}$

घटते क्रम में तुल्य भिन्ने = $\frac{15}{30} > \frac{12}{30} > \frac{10}{30} > \frac{9}{30}$

या

उत्तर $\frac{3}{6} > \frac{2}{5} > \frac{1}{3} > \frac{3}{10}$

**प्रश्न 19.** $\frac{1}{2}$ **व** $\frac{1}{3}$ **का गुणा चित्रांकन विधि से करो-** M506

हल $\frac{1}{2} \times \frac{1}{3} = \frac{1\times1}{2\times3} = \frac{1}{6}$

$\frac{1}{2}$ =  रंगीन भाग, पूरे का आधा है।

$\frac{1}{3}$ =  छायांकित भाग, पूरे का आधा है।

$\frac{1}{2} \times \frac{1}{3}$ =  आधे का एक तिहाई अर्थात पूरे का छठवाँ भाग

$\frac{1}{6}$ = 

**प्रश्न 20. मोंटू प्रतिदिन** $\frac{4}{5}$ **कि.ग्रा और छोटू प्रतिदिन** $\frac{3}{7}$ **कि.ग्रा खाना खाते हैं। बताओ मोंटू, छोटू से कितना अधिक खाता है?** M506

हल मोंटू खाता है = $\frac{4}{5}$ कि.ग्रा

छोटू खाता है = $\frac{3}{7}$ कि.ग्रा

अंतर $= \frac{4}{5} - \frac{3}{7}$

$= \frac{4\times7}{5\times7} - \frac{3\times5}{7\times5}$

$= \frac{28}{35} - \frac{15}{35}$

$$= \frac{28-15}{35}$$

$$= \frac{13}{35}$$

उत्तर - मोटू $\frac{13}{35}$ कि.ग्रा अधिक खाता है।

# अध्याय - 8

## दशमलव

**प्रश्न 1. इकाई के दशवें भाग को कहते हैं -** M507

(a) एक (b) दस

(c) दशांश (d) दहाई

उत्तर - (c) दशांश

**प्रश्न 2. 3.56 में 5 का स्थानीय मान होगा -** M508

(a) $\frac{5}{1}$ (b) $\frac{56}{100}$

(c) $\frac{50}{100}$ (d) $\frac{5}{10}$

उत्तर - (d) $\frac{5}{10}$

**प्रश्न 3. 2.17 को शब्दों में लिखेंगे -** M507

(a) दो सौ सत्रह (b) दो, एक, सात

(c) दो दशमलव सत्रह (d) दो दशमलव एक सात

उत्तर - (d) दो दशमलव एक सात

**प्रश्न 4. दिए गए चित्र में छायांकित भाग के योग का दशमलव रूप है -** M508




(a) 1.7 (b) 10.7

(c) 8 (d) 7

उत्तर - (a) 1.7

**प्रश्न 5. 3 इकाई + 7 सौवें भाग का आंकिक मान होगा -** M508

(a) 3700 (b) 37

(c) 3.7 (d) 3.07

उत्तर - (d) 3.07

**प्रश्न 6. 8.45 और 5.07 का योगफल होगा -** M508

(a) 13.52 (b) 13.412

(c) 1352 (d) 13.42

उत्तर - (a) 13.52

**प्रश्न 7. 3.4 × 5 का मान होगा -** M508

(a) 15.20 (b) 17.0

(c) 170 (d) 1520

उत्तर - (b) 17.0

**प्रश्न 8. हल करो -** M508

**a. 87.6 + 78.18**

हल:-

$$\begin{array}{r} 87.60 \\ +\ 78.18 \\ \hline 165.78 \\ \hline \end{array}$$

**b. 57.65 - 23.4** M508

हल:- 57.65 - 23.4

$$\begin{array}{r} 57.65 \\ -\ 23.40 \\ \hline 34.25 \\ \hline \end{array}$$

**प्रश्न 9. हल करो -** M508

**a 98.3 - 56.65**

हल:- 98.3 - 56.65

$$\begin{array}{r} 98.30 \\ -\ 56.65 \\ \hline 41.65 \\ \hline \end{array}$$

उत्तर 41.65

**b 87.84 + 5.658** M508

हल:- 87.840 + 5.658

$$\begin{array}{r} 87.840 \\ +\ 05.658 \\ \hline 93.498 \\ \hline \end{array}$$

उत्तर 93.498

**प्रश्न 10. हल करो -** M508

**a 2.468 × 1000**

हल:- $\underline{2.468 \times 1000}$

$\underline{2468.000}$

उत्तर 2468

**b 48.03 × 5** M508

हल:- $\underline{48.03 \times 5}$

$\underline{240.15}$

उत्तर 240.15

**प्रश्न 11. हल करो -** M508

a 8.8 ÷ 4

हल:- 4 ) 8.8 ( 2.2

```
        4 ) 8.8 ( 2.2
           - 8
           ----
             08
           - 8
           ----
              0
```

उत्तर 2.2

**b 789.6 ÷ 100** M508

हल:-

```
      100 ) 789.6 ( 7.896
            - 700
            -----
              0896
            - 800
            -----
              0960
            - 900
            -----
              0600
            - 600
            -----
               000
```

उत्तर 7.896

**प्रश्न 12. 7.6 में कितना और मिलाएं कि 16.8 हो जाए ?** M508

हल:- 7.6 + ? = 16.8

अर्थात् 16.8 - 7.6

```
   16.8
 -  7.6
 ------
    9.2
```

उत्तर 9.2 मिलाने पर |

**प्रश्न 13. एक कॉपी की कीमत 40.95 रूपये है ऐसे ही 5 कॉपी की कीमत क्या होगी?** M508

हल:- 1 कॉपी की कीमत = 40.95 रूपये

5 कॉपी की कीमत = 40.95 × 5

204.75

उत्तर 204.75 रूपये ।

**प्रश्न 14. 265.3 व 96.401 का अंतर ज्ञात करो -** M508

हल:- 265.3 - 96.401

265.300

- 096.401

168.899

उत्तर 168.899

**प्रश्न 15.** 5.4, 5.04, 5.14 और 5.41 को a आरोही क्रम (बढ़ते क्रम), (b) अवरोही क्रम (घटते क्रम) में लिखो - M508

हल:- आरोही क्रम (बढ़ते क्रम)

उत्तर 5.04 < 5.14 < 5.4 < 5.41

(b) घटते क्रम में

उत्तर 5.41 > 5.4 > 5.14 > 5.04

**प्रश्न 16. 72.305 × 25 को हल करो -** M508

हल:- 72.305 × 25

361.525

+ 1446.100

1807.625

उत्तर 1807.625

**प्रश्न 17. हल करो -** M508

$516.6 \div 12$

```
हल:-   12 ) 516.6 ( 43.05
           − 48
           ----
            036
           − 36
           ----
             006
           −   0
           ----
              60
           −  60
           ----
              00
```

उत्तर 43.05

**प्रश्न 18. एक काम को पांच मजदूरों ने मिलकर पूरा किया | यदि कुल मजदूरी 603.75 रूपये हुआ, तो बताइए प्रत्येक मजदूर को कितने रूपये मिले?** M508

हल:- चूँकि पांच मजदूरों की मजदूरी 603.75 रूपये

तो 1 मजदूर को $603.75 \div 5$

```
हल:-   5 ) 603.75 ( 120.75
          − 5
          ----
            10
          − 10
          ----
            003
          −   0
          ----
              37
          −   35
          ----
              025
          −    25
          ----
               00
```

**प्रश्न 19. पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलता है, यदि एक दिन में बरगद 302.5 लीटर, पीपल 315.65 लीटर, नीम 280.5 लीटर, तुलसी 120.125 लीटर और सागौन पेड़ 230.675 लीटर ऑक्सीजन देता है | बताओ ये पांचो पेड़ एक दिन में कितने लीटर ऑक्सीजन देंगे |** M508

हल:-

| | | |
|---|---|---|
| बरगद | | 302.5 लीटर |
| पीपल | | 315.65 लीटर |
| नीम | + | 280.5 लीटर |
| तुलसी | | 120.125 लीटर |
| सागौन | | 230.675 लीटर |
| | | 1249.450 लीटर |

उत्तर कुल 1249.450 लीटर

**प्रश्न 20. यदि राघव प्रतिदिन 0.75 यूनिट बिजली की बचत करता है | बताओ वह जुलाई माह में कितना बिजली बचाएगा ?** M508

हल:- जुलाई माह = 31 दिन

चूँकि 1 दिन में 0.75 यूनिट

$\therefore$ 31 दिन में $0.75 \times 31$

$0.75 \times 31$

0.75

+ 22.50

23.25

उत्तर - राघव जुलाई माह में कुल 23.25 यूनिट बिजली बचायेगा |

# अध्याय - 9

## सममिति

**प्रश्न 1. वर्ग में सममित अक्ष होंगे -** M510

(a) 4 (b) 6

(c) 8 (d) 2

उत्तर - (a) 4

**प्रश्न 2. किस आकृति में सममित अक्ष नहीं है -** M510

a) 

b) 

c) 

d) 

उत्तर - (b)

**प्रश्न 3. वृत्त में सममित अक्ष होते है -** M510

(a) अनंत (b) 4

(c) 2 (d) 1

उत्तर - (a) अनंत

**प्रश्न 4. आधे घूर्णन पर कौन से अक्षर में घूर्णन सममित है -** M510

(a) E (b) C

(c) N (d) H

उत्तर - (d) H

**प्रश्न 5. विषम बाहु त्रिभुज में सममित अक्षों की संख्या है -** M510

(a) तीन (b) दो

(c) एक (d) शून्य

उत्तर - (d) शून्य

**प्रश्न 6. एक चौथाई घूर्णन पर सममित आकृति होगी -** M510

(a)  (b) 

(c)  (d) 

उत्तर - (c) 

**प्रश्न 7. सममित आकृति किसे कहते हैं ?** M510

उत्तर - दी गई आकृति के मध्य खींची गई रेखा से आकृति को मोड़ने पर आकृति एक-दूसरे को पूर्णत: ढक लेती है उसे सममित आकृति कहते हैं |

**सममित आकृति** 

**प्रश्न 8. सममित अक्ष किसे कहते हैं ?** M510

उत्तर - दी गई आकृति के मध्य खींची गई रेखा (अक्ष) जिसके सापेक्ष आकृति सममित होती है, वह रेखा (अक्ष) सममित अक्ष कहलाती है |

 **सममित अक्ष**

**प्रश्न 9. दी गई आकृति के सभी सममित अक्ष बनाओ |** M510



उत्तर-



**प्रश्न 10. आकृति का अर्ध घूर्णन चित्र बनाओ -** M510



उत्तर -



**प्रश्न 11. समबाहु त्रिभुज की आकृति बनाकर सभी संभव सममित अक्ष बनाओ -** M510

उत्तर -



**प्रश्न 12. अर्ध घूर्णन सममिति का अर्थ उदाहरण देकर समझाओ ?** M510

उत्तर- दी गई आकृति का अपने स्थान पर ही आधे घुमने के बाद भी आकृति का पहले जैसा दिखने का गुण उनकी अर्ध घूर्णन सममिति कहलाती है |



**प्रश्न 13. अंग्रेजी के ऐसे 2 बड़े अक्षरों को लिखिए जिसके दो सममित अक्ष हैं -** M510

उत्तर- (1)  (2) 

**प्रश्न 14. अंग्रेजी वर्णमाला के बड़े अक्षरों में कौन सा अक्षर अर्द्धघूर्णन सममिति दर्शाता है -** M510

उत्तर- अर्द्धघूर्णन सममिति दर्शाता है -

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**प्रश्न 15. एक चौथाई घूर्णन सममिति किसे कहते हैं ? उदाहारण दो -** M510

उत्तर- दी गई आकृति को अपने स्थान पर ही एक चौथाई घूमने ($90^{\circ}$) के बाद भी आकृति का पहले जैसा दिखने का गुण उसकी एक चौथाई घूर्णन सममिति कहलाता है -

जैसे - 

**प्रश्न 16. नीचे दी गई आकृतियों के सभी संभव सममिति अक्ष बनाकर संख्या लिखो-** M510

| क्र. | आकृति | आकृति अक्ष सममित | अक्ष की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | आयत |  | दो |
| 2. | वर्ग |  | चार |
| 3. | समबाहु त्रिभुज |  | तीन |
| 4. | समान्तर चतुर्भुज |  | सममित नहीं शून्य अक्ष |
| 5. | वृत्त |  | अनंत |

**प्रश्न 17. एक ऐसी आकृति बनाओ जो परावर्तन सममिति व घूर्णन सममिति दोनों को दर्शाता है |** M510

उत्तर - **परावर्तन सममिति -**

किसी आकृति के मध्य खींची गई रेखा से आकृति को मोड़ने पर आकृति पूर्णत: एक-दूसरे को ढक लेती है उसे सममित आकृति या परावर्तन सममिति कहते हैं |



**घूर्णन सममिति-**

दी गई आकृति का अपने स्थान पर ही घुमने के बाद भी आकृति का पहले जैसे दिखने का गुण उसकी घूर्णन सममिति कहलाता है |



आकृति वर्ग दोनों प्रकार की सममिति को दर्शाता है |

# अध्याय - 10

## कोण

**प्रश्न 1. कोण की इकाई (मात्रक) है -** M509

(a) सेन्टीमीटर (b) ग्राम

(c) अंश (d) मिलीमीटर

उत्तर - (c) अंश

**प्रश्न 2. न्यूनकोण का मान होता है -** M509

(a) $0^\circ$ (b) $90^\circ$ से कम

(c) $90^\circ$ (d) $90^\circ$ से अधिक

उत्तर - (b) $90^\circ$ से कम

**प्रश्न 3. जिस कोण की माप $90^\circ$ हो उसे कहते हैं -** M509

(a) सरल कोण (b) अधिक कोण

(c) समकोण (d) न्यून कोण

उत्तर - (c) समकोण

**प्रश्न** 4. M509




**प्रदर्शित कोण का सही नाम है -**

(a) कोण Q (b) कोण PRQ

(c) कोण QPR (d) कोण PQR

उत्तर - (d) कोण PQR

**प्रश्न 5. रेखाखंड में अंत बिंदु होते है -**

(a) एक (b) दो

(c) तीन (d) अनंत

उत्तर - (b) दो

**प्रश्न** 6.



**दी गयी उपकरण का नाम है -** M509

(a) स्केल (पटरी) (b) चांदा

(c) गुनिया (d) विभाजनी

उत्तर - (c) गुनिया

**प्रश्न 7. जिस कोण की माप ठीक 180° होता है उसे कहते हैं -** M509

(a) सरल कोण (b) अधिक कोण

(c) समकोण (d) न्यून कोण

उत्तर -(a) सरल कोण

**प्रश्न 8. रेखाखण्ड किसे कहते हैं ?**

उत्तर- रेखा के छोटे भाग को रेखाखण्ड कहते हैं | इसकी एक निश्चित लम्बाई होती है तथा दो अंत बिंदु होते है |



**प्रश्न 9. कोण को परिभाषित करो ?** M509

उत्तर - जब दो किरणे एक बिंदु पर मिलती है तो दोनों रेखाओं के मध्य वाले भाग को कोण कहते हैं | कोण की इकाई अंश है | इसे चांदा से मापा जाता है |




**प्रश्न 10. किरण को परिभाषित करो ?**

उत्तर - एक बिंदु से प्रारंभ होकर अनंत तक जाने वाली रेखा को किरण कहते हैं | इसकी लम्बाई अनंत होती है | इसका एक अंत बिंदु होता है |




**प्रश्न 11. न्यूनकोण को परिभाषित करो ?** M509

उत्तर - जिस कोण की माप 90° से कम होता है उसे न्यूनकोण कहते हैं |




**प्रश्न 12. 30°, 45° और 60° के नामांकित कोण बनाओ ?** M509

उत्तर - 30° का कोण (चांदे की सहायता से बनाना होगा |)



45° का कोण




60° का कोण




**प्रश्न 13. समकोण किसे कहते है? आकृति बनाओ |** M509

उत्तर - जिस कोण की माप ठीक 90° होता है उसे समकोण कहते हैं |




कोण $\angle PQR$ = 90°

**प्रश्न 14. अधिक कोण को परिभाषित करों ?** M509

उत्तर - जिस कोण की माप 90° से अधिक किन्तु 180° के कम माप के होते है उन्हें अधिक कोण कहते हैं |




**प्रश्न 15. 77°, 120° और 178° के नामांकित कोण बनाओ |** M509

उत्तर - (1) 77° के कोण (चांदे की सहायता से बनाना होगा) |

कोण $\angle ABC = 77°$




**(2) 120° के कोण**

कोण $\angle LMN = 120°$



**(3) 178° के कोण**

कोण $\angle JKL$ = 178°




**प्रश्न 16. दिए गए आकृतियों में कोण को चांदे की सहायता से मापकर सही माप लिखो -** M509

(1)




$\angle ABC$ = 60°

(2)




$\angle QRS$ = 90°

(3)




$\angle XYZ$ = 110°

**प्रश्न 17. चित्र में कोण, भुजा व शीर्ष पहचानकर तालिका से उनके नाम लिखो -** M509




**उत्तर - तालिका**

| क्र. | कोण | शीर्ष | भुजा |
|---|---|---|---|
| 1. | $\angle BAC$ | A | AB, AC |
| 2. | $\angle BDE$ | D | BD, DE |
| 3. | $\angle FGH$ | G | FG, GH |
| 4. | $\angle DEC$ | E | DE, EC |
| 5. | $\angle BCE$ | C | BC, CE |

# अध्याय - 11

# ज्यामितीय आकृतियाँ

**वस्तुनिष्ट प्रश्नः -**

**प्रश्न 1. त्रिभुज के बारे में कौन -सा कथन सत्य है?** M509

(a) सभी कोण हमेशा न्यूनकोण होते हैं।

(b) एक कोण हमेशा समकोण होता है।

(c) एक कोण हमेशा अधिक, कोण होता है।

(d) दो कोण हमेशा न्यूनकोण होते हैं।

उत्तर - (d) दो कोण हमेशा न्यूनकोण होते है।

**प्रश्न 2. नीचे दी गई आकृतियों में कौन सा अधिक कोण त्रिभुज है।** M509

(a)




(b)




(c)




(d)




उत्तर -(c)



M511

**प्रश्न 3. घनाभाकार है-**

(a) गेंद (b) ईट

(c) गिलास (d) सिक्का

उत्तर - (b) ईट

M509

**प्रश्न 4. नीचे दी गई आकृति में $\angle x$ है-**




(a) न्यूनकोण (b) समकोण

(c) अधिक, कोण (d) इनमें से कोई नहीं।

उत्तर - (c) अधिककोण

M511

**प्रश्न 5. घनाभाकार है-**

(a) बॉल (b) पेंसिल सेल

(c) आइसक्रीम कोन (d) माचिस का डिब्बा

उत्तर - (d) माचिस का डिब्बा

M509

**प्रश्न 6. विषमबाहु त्रिभुज होते हैं-**

(a) न्यूनकोण त्रिभुज (b) समकोण त्रिभुज

(c) अधिककोण त्रिभुज (d) उक्त सभी में

उत्तर - (d) उक्त सभी में

**प्रश्न 7. आयत के लिए कौन - सा कथन सत्य है-** M511

(a) चारो भुजाएँ बराबर होती है।

(b) चारों कोण समकोण होते हैं।

(c) चार विकर्ण होते हैं।

(d) प्रत्येक आयत एक वर्ग होता है।

उत्तर -(b) चारों कोण समकोण होते हैं।

**प्रश्न 8. किसी समकोण त्रिभुज में न्यूनकोणों की संख्या होती है-** M509

(a) 0 (b) 1

(c) 2 (d) 3

उत्तर -(c) 2

**प्रश्न 9. नीचे दी गई आकृतियों में से कौन सा समकोण त्रिभुज को प्रदर्शित करता है।** M509

(a) 


(b) 


(c) 


(d) 


उत्तर - (a) 

## अतिलघुत्तरीय प्रश्न -

**प्रश्न 10. बेलन के लिए नेट जाल बनाइए ।** M511

उत्तर -



**या**



**प्रश्न 11. आयत किसे कहते है। इसकी आकृति बनाओ।** M509

उत्तर - **आयत -** ऐसा चतुर्भुज जिसमें आमने सामने की भुजाएँ समान लंबाई की हो तथा चारों कोण समकोण हो आयत कहलाता है।




**आयत**

**प्रश्न 12. इस चित्र में कितने त्रिभुज है? एक चित्र बनाइए जिसमे त्रिभुज का भी उपयोग हुआ हो ।** M509



उत्तर - इस चित्र में 3 त्रिभुज है।



विशेष: - बच्चे अपने स्वेच्छानुसार चित्र बनाएँगे।

**प्रश्न 13. एक चतुर्भुज MNOP दी गई है इनके कोणों को मापकर नाम सहित लिखों?** M509



हलः- (1) $\angle MNO = 90^\circ$

$\angle NOP = 90^\circ$

$\angle OPM = 90^\circ$

$\angle PMN = 90^\circ$

(2) इस चतुर्भुज के चारों कोण समकोण हैं अर्थात प्रत्येक कोण $90^\circ$ है। यह एक आयत है ।

**लघुउत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 14. चाँदे व स्केल की सहायता से एक समकोण त्रिभुज और एक अधिक कोण त्रिभुज बनाओ।** M509

उत्तर -




**समकोण त्रिभुज**




**अधिक कोण त्रिभुज**

**प्रश्न 15. शंकु और घन के नेट जाल बनाओ?** M511

उत्तर -

1) शंकु



2) घन



**प्रश्न 16. तीन घनाभाकार वस्तुओं के नाम बताओ तथा घनाभ का चित्र बनाओ।** M511

उत्तर -

1) चॉक का डिब्बा

2) माचिस का डिब्बा

3) ईट




**प्रश्न 17. एक बेलन के आकार की वस्तु का नाम बताओ तथा उसके नेट/जाल के कोई दो गुण बताओ।** M511

उत्तर - ट्यूब लाइट , सेल

बेलनाकार के नेट/जाल के गुण-

(i) इसके जाल में एक आयत होता है।

(ii) इसके जाल में दो वृत्त बनते है।

**प्रश्न 18. आकृतियों को देखकर इनके कोणों की संख्या लिखो।** M509

| क्र. | आकृतियाँ | न्यूनकोण की संख्या | समकोण की संख्या | अधिक कोण की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 |  | | | |
| 2 |  | | | |
| 3 |  | | | |
| 4 |  | | | |
| 5 |  | | | |

उत्तर -

| क्र. | आकृतियाँ | न्यूनकोण की संख्या | समकोण की संख्या | अधिक कोण की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 |  | 3 | 0 | 0 |
| 2 |  | 2 | 1 | 0 |
| 3 |  | 0 | 4 | 0 |
| 4 |  | 2 | 0 | 2 |
| 5 |  | 0 | 0 | 0 |

**प्रश्न 19. समबाहु त्रिभुज किसे कहते है? स्केल की सहायता बनाओ। कोण के अनुसार वर्गीकरण करो ।** M509

उत्तर - समबाहु त्रिभुज - ऐसा त्रिभुज, जिसके तीनो भुजाएं समान लंबाई की हो।




यहाँ त्रिभुज की तीनों कोण न्यूनकोण हैं अतः यह न्यूनकोण त्रिभुज है।

$\angle ABC$ = (न्यूनकोण)

$\angle BCA$ = (न्यूनकोण)

$\angle CAB$ = (न्यूनकोण)

**प्रश्न 20. वर्ग की आकृति बनाओ और इसके कोई चार गुण लिखो-** M511

उत्तर - वर्ग के गुण -

(1) वर्ग की चारों भुजाओं की लम्बाई समान होती हैं ।

(2) चारो कोण समकोण होते हैं।

(3) आमने - सामने की भुजाएँ बराबर और समांतर होती है।

(4) वर्ग एक आयत भी होता है।




**वर्ग**

**प्रश्न 21. नीचे दिए गए त्रिभुज में शीर्ष, भुजा और कोण पहचानो -** M509




**त्रिभुज**




**त्रिभुज 2**




**त्रिभुज 3**




**त्रिभुज 4**




**त्रिभुज 5**

| त्रिभुज क्र | शीर्ष | भुजा | कोण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

हल -

| **त्रिभुज क्र** | **शीर्ष** | **भुजा** | **कोण** |
|---|---|---|---|
| 1 | A, B, C | AB, BC, CA | ∠ABC, ∠BCA, ∠ CAB |
| 2 | P, Q, R | PQ, QR, PR | ∠PQR, ∠QRP, ∠ RPQ |
| 3 | अ, ब, स | अब, बस, अस | ∠ अबस, ∠ बसअ, ∠ सअब |
| 4 | J, K, L | JK, KL, JL | ∠JKL, ∠KLJ, ∠ LJK |
| 5 | क, ख, ग | कख, खग, कग | ∠ कखग, ∠खगक, ∠ गकख |

# अध्याय - 12

# लंबाई

**वस्तुनिष्ट प्रश्नः -**

**प्रश्न 1. दो रेखाखंड AB और CD खींची गई है। बताइए दोनों रेखाखंड़ो की लंबाई में कितना अंतर है?** M512







**स्केल**

(a) 3.5 से.मी.  (b) 4.0 से.मी.

(c) 1.5 से.मी.  (d) 5.0 से.मी.

उत्तर - (a) 3.5 से.मी.

**प्रश्न 2. दिए गए चित्र में पेंसिल, पेन की तुलना में कितनी लम्बी है -** M512




(a) 1.6 से.मी.  (b) 2 से.मी.

(c) 10.6 से.मी.  (d) 2.5 से.मी.

उत्तर - (a) 1.6 से.मी.

**प्रश्न 3. दी गई इकाईयों का बढ़ता क्रम होगा - मीटर, सेंटीमीटर, किलोमीटर** M512

(a) सेंटीमीटर, किलोमीटर, मीटर (b) मीटर, सेंटीमीटर, किलोमीटर

(c) किलोमीटर , सेंटीमीटर, मीटर (d) सेंटीमीटर, मीटर, किलोमीटर

उत्तर - -(d) सेंटीमीटर, मीटर, किलोमीटर

**प्रश्न 4. श्याम कमीज बनाने के लिए कपड़ा खरीदने जाता है तो दुकानदार उसे किस इकाई में मापकर कपड़ा देगा?** M514

(a) मि.मी. (b) से.मी. व मीटर

(c) फुट (d) किलोमीटर

उत्तर -(b) से.मी. व मीटर

**प्रश्न 5. चित्र में रबर की लंबाई कितनी है?** M512




(a) 0.5 से.मी.

(b) 1 से.मी.

(c) 1.5 से.मी.

(d) 2 से.मी.

उत्तर - (d) 2 से.मी.

**प्रश्न 6. रवि का घर कोमल के घर से 1.3 कि.मी. दूर है | स्टेशनरी दुकान कोमल का घर 600 मीटर दूर है | बताओ स्टेशनरी दुकान से रवि का घर कितना दूर है |** M512




(a) 1. 2 मीटर (b) 600 मीटर

(c) 1. 4 मीटर (d) 700 मीटर

उत्तर - (d) 700 मीटर

**प्रश्न 7. सूरज स्कूल की टेबल को अपने बित्ते से मापता है तो माप 7 बित्ता आता है । यदि सूरज के बिते की लंबाई 16 से.मी. हो तो टेबल की लंबाई कितनी होगी?** M512

(a) 1. 12 मीटर (b) 1. 3 मीटर

(c) 1. 4 मीटर (d) 1. 5 मीटर

उत्तर -(a) 1. 12 मीटर

**प्रश्न 8. आपके घर से बाजार की दूरी 2 किमी, अस्पताल की दूरी 1500 मीटर और विद्यालय की दूरी 600 मीटर है। तो निम्न में से कौन - सा कथन सत्य है?** M512

(a) बाजार और अस्पताल की दूरी बराबर है।

(b) अस्पताल और विद्यालय की दूरी बराबर है।

(c) बाजार सबसे अधिक दूर है।

(d) अस्पताल सबसे अधिक दूर है।

उत्तर - (c) बाजार सबसे अधिक दूर है।

**प्रश्न 9. संगीता और पूजा के घर के बीच की दूरी होगी** M512




(a) 1050 मीटर (b) 1500 मीटर

(c) 1005 मीटर (d) 1550 मीटर

उत्तर -(b) 1500 मीटर

**प्रश्न 10. 3 मीटर = .................... सेंटीमीटर** M514

हलः- चूँकि 1 मीटर = 100 सेंटीमीटर

∴ 3 मीटर = 3 मीटर × 100 सेंटीमीटर

= 300 सेंटीमीटर

उत्तर 3 मीटर = 300 सेंटीमीटर ।

**प्रश्न 11. 700 सेंटीमीटर = .................... मीटर?** M514

हलः- चूँकि 100 सेंटीमीटर = 1 मीटर

∴ 1 सेंटीमीटर = $\frac{1}{100}$ मीटर

∴ 700 सेंटीमीटर = $\frac{1}{100} \times 700$ मीटर

= 7 मीटर।

उत्तर 700 सेंटीमीटर = 7 मीटर ।

**प्रश्न 12. 4 किलोमीटर की दूरी को मीटर में व्यक्त करो।** M514

हलः - चूँकि 1 किलोमीटर = 1000 मीटर

4 किलोमीटर = $4 \times 1000$ मीटर

= 4000 मीटर

उत्तर - 4 किलोमीटर की दूरी 4000 मीटर के बराबर है।

**प्रश्न 13. 3500 मीटर का मान कितने किलोमीटर के बराबर होगा?** M514

हलः - 1000 मीटर बराबर है 1 किलोमीटर के

$\therefore$ तो 1 मीटर बराबर होगा $\frac{1}{1000}$ किलोमीटर के

$\therefore$ 3500 मीटर बराबर होगा $\frac{1}{1000} \times 3500$ किलोमीटर के

= 3.500 किलोमीटर

उत्तर - 3500 मीटर का मान 3.500 किलोमीटर के बराबर है।

**प्रश्न 14. 140 सेंटीमीटर को मीटर में बदले।** M514

हलः - चूँकि 100 सेंटीमीटर बराबर है 1 मीटर के

$\therefore$ 1 सेंटीमीटर बराबर है $\frac{1}{100}$ मीटर के

= 0.01 मीटर

$\therefore$ 140 सेंटीमीटर बराबर होगा $140 \times 0.01$ मीटर

= 1.40 मीटर

उत्तर - 140 सेंटीमीटर = 1.40 मीटर

**प्रश्न 15. 8.2 मीटर =...................सेंटीमीटर?**

हलः - चूँकि 1 मीटर बराबर है 100 सेंटीमीटर

तो 8.2 मीटर बराबर होगा 8.2 $\times$100 सेंटीमीटर

= 820 सेंटीमीटर

उत्तर - 8.2 मीटर = 820 सेंटीमीटर

**लघुउत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 16. अंजू के पास 21.53 मीटर लंबा फीता (रिबन) है। वह 1.68 मीटर लम्बाई के ग्यारह टुकड़े कर बच्चों को बाँट देती है । शेष फीते की लंबाई कितनी होगी।** M514

हलः फीते की कुल लंबाई = 21.53 मीटर

फीते की एक टुकड़े की लंबाई = 1.68 मीटर

तो 11 टुकड़े की कुल लंबाई = 1.68 मीटर$\times$11

= 18.48 मीटर

शेष फीते की लंबाई = 21.53 मीटर-18.48 मीटर

= 3.05 मीटर

उत्तर - शेष फीते की लंबाई 3.05 मीटर होगी।

**प्रश्न 17. एक खंबा लाल व सफेद दो रंगों से रंगा हुआ है? लाल रंग 450 मीटर ऊँचाई तक रंगा है और शेष भाग सफ़ेद रंग से रंगा है । सफेद रंग लाल रंग का एक तिहाई है तो खंबे की लंबाई बताओ।** M514

हलः - चूँकि खंबे पर लाल रंग का = 450 मीटर

$\therefore$ खंबे पर सफेद रंग (लाल रंग का एक तिहाई) = $\frac{450}{3}$ मीटर

= 150 मीटर

$\therefore$ खंबे की लंबाई = 450 मीटर+150 मीटर

= 600 मीटर

उत्तर - खंबे की कुल लंबाई 600 मीटर होगी।

**प्रश्न 18. नैना प्रतिदिन 1550 मीटर दौड़ लगाती है। वह पाँच दिन में कितने किलोमीटर दौड़ लगाएगी?** M514

हलः - चूँकि नैना प्रतिदिन 1550 मीटर दौड़ती है।

∴ पाँच दिन में वह दौड़ेगी = 1550×5 मीटर

= 7750 मीटर

चूँकि 1000 मीटर = 1 किलोमीटर

∴7750 मीटर = $7750\times\frac{1}{1000}$ किलोमीटर

= 7.750 किलोमीटर

उत्तर नैना पाँच दिन में 7.750 किलोमीटर दौड़ लगाएगी।

**प्रश्न 19. एक ट्रेन 5 घंटे में 200 किलोमीटर चलती है। तो वह ट्रेन 1 घंटे में कितने मीटर चलेगी?** M514

हलः - चूँकि ट्रेन 5 घंटे में 200 किलोमीटर चलती है

∴ 1 घंटे में = $\frac{200}{5}$ किलोमीटर

= 40 किलोमीटर

हम जानते है कि

1 किलोमीटर = 1000 मीटर

ते 40 किलोमीटर = 40×1000 मीटर

= 40000 मीटर

उत्तर 1 घंटे में 40000 मीटर चलती है।

**प्रश्न 20. पूजा के पास 300 मीटर और राघव के पास 3570 से.मी. लंबी रस्सी है। दोनों में से किसकी रस्सी अधिक लंबी है?** M514

हलः - पूजा की रस्सी की लंबाई = 300 मीटर

राघव की रस्सी की लंबाई = 3570 सेंटीमीटर

100 से.मी = 1 मीटर

1 से.मी = $\frac{1}{100}$ मीटर

= 0.01 मीटर

∴ 3570 से.मी = 3570×0.01 मीटर

= 35.70 मीटर

उत्तर पूजा की रस्सी अधिक लंबी है।

**प्रश्न 21. नेहा ने 395 से.मी. नीला कपड़ा, 1 मी. 75 से.मी लाल कपड़ा और 5 मी 90 से.मी गुलाबी कपड़ा खरीदा। उसने कुल कितने मीटर कपड़ा खरीदा?** M514

हल:- नेहा द्वारा खरीदा गया कपड़े की लंबाई =

नीला कपड़ा = 395 से.मी = 3 मीटर 95 से.मी.

लाल कपड़ा = 1 मी. 75 से.मी.

गुलाबी कपड़ा = 5 मी 90 से.मी.

कपड़े की कुल लंबाई = 3 मी. 95 से.मी. +1 मी. 75 से.मी. + 5 मी 90 से.मी.

= 11 मी 60 से.मी.

उत्तर - नेहा ने 11 मी 60 से.मी. कपड़ा खरीदा।

**प्रश्न 22. मुकुंद के घर से दूकान की दूरी 2500 मी. और दूकान से स्कूल की दूरी 1020 मी. है । मुकुंद के घर से स्कूल कितने किलोमीटर दूर है ?** M514

हल:- मुकुंद के घर से दूकान की दूरी = 2500 मी.

दूकान से स्कूल की दूरी = 1020 मी.

$\therefore$ घर से स्कूल की दूरी = 2500 मी.+ 1020 मी.

= 3520 मी.

1000 मी. = 1 कि.मी.

इसलिए 1 मी. = $\frac{1}{1000}$ कि.मी.

= 0.001 कि.मी.

$\therefore$ 3520 मी. = $3520 \times 0.001$ कि.मी.

= 3.520 कि.मी.

उत्तर - घर से स्कूल की दूरी 3.520 कि.मी. है।

**प्रश्न 23. मोबाइल टॉवर A - 300 मीटर व B - 450 मीटर ऊँचा है। दोनों मोबाइल टॉवर की ऊँचाई में कितने से.मी का अंतर है।** M514

हल - मोबाइल टॉवर A की ऊँचाई = 300 मीटर

मोबाइल टॉवर B की ऊँचाई = 450 मीटर

दोनो मोबाइल टॉवर की ऊँचाई में अंतर

= 450 मीटर - 300 मीटर

= 150 मीटर

1 मीटर = 100 से.मी.

$\therefore$ 150 मीटर = $150 \times 100$ से.मी.

= 15000 से.मी.

उत्तर - टॉवर A व B में 15000 से.मी. ऊँचाई का अंतर है।

**प्रश्न 24. एक दिन में सोहन 10 कि.मी ,उसकी बहन आयशा 12000 मीटर और उसका भाई आदित्य सोहन से 500 मीटर अधिक साइकिल चलाते हैं तीनों में किसने सबसे अधिक दूरी तय की?** M514

हल - मोटर साइकिल चलाने की दूरी

सोहन = 10 कि.मी

आयशा = 12000 मीटर

चूंकि 1000 मीटर = 1 कि.मी

12000 मीटर = $\frac{12000}{1000}$ कि.मी

= 12 कि.मी

प्रश्नानुसार आदित्य = 10 कि.मी+500 मीटर

= 10.500 कि.मी

उत्तर - तीनों में से आयशा ने सबसे अधिक 12 कि.मी. दूरी तय की।

**प्रश्न 25. ममता अपने परिवार के साथ आगरा घुमने गई उसने अपने घर से 5 कि.मी. 200 मीटर ऑटो से,76 कि.मी. 250 मीटर बस से, 120 कि.मी. ट्रेन से सफर किया। उसने कुल कितनी दूरी तय की? उसे मीटर में बदलो।** M514

हल- ममता द्वारा तय कि गई दूरी

ऑटो से = 5 कि.मी. 200 मीटर

बस से = 76 कि.मी. 250 मीटर

ट्रेन से = 120 कि.मी.

कुल दूरी = 5 कि.मी. 200 मीटर + 76 कि.मी. 250 मीटर + 120 कि.मी.

= 201 कि.मी. 450 मीटर

अतः ममता ने 201 कि.मी. 450 मीटर सफ़र किया |

चूँकि 1 कि.मी. = 1000 मीटर

$\therefore$ 201.450 मीटर = 201.450$\times$1000 मीटर

= 201450 मीटर

उत्तर - अतः ममता ने 201450 मीटर दूरी तय की।

# अध्याय - 13

## भार

**वस्तुनिष्ट प्रश्नः -**

**प्रश्न 1. इनमें से कौन सा गलत है -** M512

(a) 8 कि.ग्रा. 30 ग्राम = 8.03 कि.ग्रा.

(b) 5 कि.ग्रा. 5 ग्राम = 5.005 कि.ग्रा.

(c) 480 ग्राम = 0.48 कि.ग्रा.

(d) 5 कि.ग्रा. 20 ग्राम = 5.002 कि.ग्रा.

उत्तर - (d) 5 कि.ग्राम 20 ग्राम = 5.002 कि.ग्राम

**प्रश्न 2. 8 कि.ग्राम 60 ग्राम को किलोग्राम में बदलो -** M512

(a) 86.0 (b) 8.60

(c) 8.600 (d) 8.06

उत्तर - (d) 8.06

**प्रश्न 3. 356 ग्राम को कि.ग्रा. में बदलो-** M512

(a) 3.56 (b) 0.356

(c) 3.560 (d) 0.056

उत्तर - (b) 0.356

**प्रश्न 4. आदित्य ने 2 किलोग्राम सेब, 1 किलोग्राम 500 ग्राम संतरा और 725 ग्राम अंगूर, खरीदा । आदित्य ने कुल कितने किलोग्राम के फल खरीदा?** M514

(a) 2 किलोग्राम 900 ग्राम (b) 3 किलोग्राम 500 ग्राम

(c) 4 किलोग्राम 225 ग्राम (d) 5 किलोग्राम 322 ग्राम

उत्तर - (c) 4 किलोग्राम 225 ग्राम

**प्रश्न 5. हेमा ने बिस्किट के 8 पैकेट खरीदा प्रत्येक पैकेट का वजन 75 ग्राम है। हेमा ने कितने ग्राम बिस्किट खरीदा?** M514

(a) 800 ग्राम (b) 600 ग्राम

(c) 750 ग्राम (d) 650 ग्राम

उत्तर - (b) 600 ग्राम

**प्रश्न 6. पूनम ने 4 किलोग्राम 325 ग्राम चावल खरीदा। उसने 750 ग्राम चावल पकाया । पूनम के पास कितना चावल शेष रहा ?** M514

(a) 3.575 किलोग्राम (b) 3.755 किलोग्राम

(c) 3.821 किलोग्राम (d) 3.218 किलोग्राम

उत्तर - (a) 3.575 किलोग्राम

**प्रश्न 7. 4 थैलों में बराबर मात्रा में शक्कर रखी हुई है। चारों थैलों के शक्कर का वजन 12 किलोग्राम है प्रत्येक थैले के शक्कर का वजन कितना होगा?** M514

(a) 1 किलोग्राम (b) 2 किलोग्राम

(c) 3 किलोग्राम (d) 4 किलोग्राम

उत्तर - (c) 3 किलोग्राम

**प्रश्न 8. 13650 ग्राम = ---- किलोग्राम ---- ग्राम?** M512

(a) 13 किलोग्राम, 560 ग्राम (b) 13 किलोग्राम, 650 ग्राम

(c) 13 किलोग्राम, 50 ग्राम (d) 1 किलोग्राम, 365 ग्राम

उत्तर - (b) 13 किलोग्राम, 650 ग्राम

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-**

**प्रश्न 9. निक्की का वजन 21.300 कि.ग्रा. और नीलू का वजन 20.800 कि.ग्रा. है। बताओ दोनों का कुल वजन कितना है?** M514

हल: - निक्की का वजन = 21.300 कि.ग्रा.

नीलू का वजन = 20.800 कि.ग्रा.

दोनों का कुल वजन = 21.300 कि.ग्रा.+ 20.800 किग्रा.

= 42.100 कि.ग्रा.

उत्तर - दोनों का कुल वजन 42.100 कि.ग्रा है।

**प्रश्न 10. मामा ने डेयरी से 480 ग्राम मीठा दही और 250 ग्राम खट्टा दही खरीदा। बताओ उसने डेयरी से कुल कितने ग्राम दही खरीदा।** M514

हल: - मीठा दही का वजन = 480 ग्राम

खट्टा दही का वजन = 250 ग्राम

कुल दही का वजन = 480 ग्राम + 250 ग्राम

= 730 ग्राम

उसने डेयरी से कुल 730 ग्राम ग्राम दही खरीदा।

**प्रश्न 11. मंजू के घर पर मटर से भरे 5 डिब्बे हैं। यदि एक डिब्बे मे 3.253 कि.ग्रा. मटर रखा है तो बताओ उसके घर कुल कितना मटर रखा है।** M514

हल: - चूँकि एक डिब्बे में मटर का वजन = 3.253 कि.ग्रा.

$\therefore$ 5 डिब्बे में मटर का वजन = $3.253 \times 5$ कि.ग्रा.

= 16.265 कि.ग्रा

मंजू के घर कुल 16.265 कि.ग्रा मटर रखा है।

**प्रश्न 12. अमन का बैग अजय के बैग से 2.14 किलोग्राम हल्का है। अजय के बैग का वजन 4.72 किलोग्राम है। अमन के बैग का वजन कितना होगा?** M514

हल: - चूँकि अजय के बैग का वजन = 2.14 किलोग्राम

∴अमन के बैग का वजन = 4.72 किलोग्राम -2.14 किलोग्राम

= 2.58 किलोग्राम

अमन के बैग का वजन 2.58 किलोग्राम है।

**प्रश्न 13. अश्विन ने 2 कि.ग्रा. आलू, 230 ग्राम मिर्च और 3.200 कि.ग्रा. टमाटर खरीदा। बताओ अश्विन ने कुल कितने किलोग्राम सामान खरीदा।** M514

हल: - बाजार से खरीदी गई सब्जी आलू = 2 कि.ग्रा.

मिर्च = 230 ग्राम

टमाटर = 3.200 कि.ग्रा

उत्तर कुल सब्जियों का वजन = 2 कि.ग्रा. + 230 ग्राम + 3.200 कि.ग्रा

= 5.430 कि.ग्रा

**प्रश्न 14. एक डिब्बे में 0.350 किलोग्राम लड्डू समाता है। तो ऐसे 5 डिब्बों में कुल कितने कि.ग्रा. लड्डू समाएगा?** M514

हल: - चूँकि 1 डिब्बे में लड्डू = 0.350 किलोग्राम

∴5 डिब्बे में लड्डू = 0.350×5 किलोग्राम

= 1.750 किलोग्राम

उत्तर 5 डिब्बों में 1.750 किलोग्राम लड्डू समाएगा।

## लघुत्तरीय प्रश्न-

**प्रश्न 15. एक दूकानदार 4.75 कि.ग्रा. नमकीन में 0.75 कि.ग्रा. मूंगफली मिलाता है। जिन्हे तौलकर 5 बराबर हिस्सों में बाँट देता है। एक हिस्से का वजन बताओ।** M514

हल: - नमकीन का वजन = 4.75 कि.ग्रा.

मुंगफली का वजन = 0.75 कि.ग्रा.

दोनो का कुल वजन = 4.75 कि.ग्रा. + 0.75 कि.ग्रा.

= 5.50 कि.ग्रा.

चूँकि सामग्री को 5 बराबर भागों (हिस्सा) में बाँटा गया

$\therefore$ 1 भाग (हिस्से) का वजन = 5.50 कि.ग्रा. $\div 5$

= 1.10 कि.ग्रा

उत्तर 1 भाग का वजन 1.10 कि.ग्रा होगा।

**प्रश्न 16. राघव के पास 80 किलोग्राम गेहूँ है। वह उसे बोरियों में भरना चाहता है। यदि एक बोरी में 20 किलोग्राम गेहूँ आता है तो बताओ उसे कितने बोरियों की आवश्यकता होगी?** M514

हल: - यदि 20 किलोग्राम गेहूँ भरा जाता है 1 बोरी में

तो 1 किलोग्राम गेहूँ आएगा = $\frac{1}{20}$ बोरी में

$\therefore$ 80 किलोग्राम गेहूँ आएगा = $\frac{1}{20} \times 80$ बोरी

उत्तर - 80 किलोग्राम गेहूँ से 20 कि.गा. वजन की 4 बोरियों की आवश्यकता होगी।

**प्रश्न 17. एक कैमरा, मोबाइल से 4 गुना अधिक भारी है और वह मोबाइल एक घड़ी से 6 गुना अधिक भारी है। यदि घड़ी का वजन 200 ग्राम है तो कैमरे का वजन कितना होगा?** M514

हल: - चूँकि घड़ी का वजन = 200 ग्राम

$\therefore$ मोबाइल का वजन = 200×6 ग्राम

= 1200 ग्राम

हम जानते है कि मोबाइल का वजन 1200 ग्राम है और कैमरा मोबाइल की वजन से 4 गुना अधिक है इसलिए

कैमरा का वजन = 1200 × 4 ग्राम

= 4800 ग्राम

उत्तर कैमरा का वजन 4800 ग्राम होगा।

**प्रश्न 18. रहीम ने अपनी घर को पेंट करने के लिए 1.500 कि.ग्रा सफेद रंग 600 ग्राम गुलाबी रंग, 300 ग्राम हरा रंग खरीदा। उसने कुल कितने ग्राम रंग खरीदा।** M514

हल: - रंगो का वजन सफेद रंग = 1.500 किलोग्राम

गुलाबी रंग = 600 ग्राम

हरा रंग = 300 ग्राम

सभी रंगों का कुल वजन = 1.500 किलोग्राम + 600 ग्राम + 300 ग्राम

= 2.400 किलोग्राम

$\therefore$ 1 किलोग्राम = 1000 ग्राम

2.400 किलोग्राम = 2.400 × 1000 ग्राम

= 2400 ग्राम

उत्तर रहीम ने कुल 2400 ग्राम रंग खरीदा।

**प्रश्न 19. यदि 4 कप शक्कर का वजन 820 ग्राम है और 1 गिलास शक्कर का वजन 400 ग्राम है तो 1 कप शक्कर से 1 गिलास शक्कर कितना अधिक भारी होगा?** M514

हल: - चूँकि 4 कप शक्कर का वजन = 820 ग्राम

$\therefore$ 1 कप शक्कर का वजन = 820 $\div$ 4 ग्राम

= 205 ग्राम

यदि 1 कप शक्कर का वजन 205 ग्राम है।

तो 1 गिलास शक्कर से एक कप शक्कर कितना भारी है = 400 - 205 ग्राम

= 195 ग्राम

उत्तर - 1 कप शक्कर से 1 गिलास शक्कर 195 ग्राम भारी है ।

**प्रश्न 20. मध्यान्ह भोजन में प्रति छात्र के लिए100 ग्राम चाँवल पकाया जाता है। बताओ 80 छात्रों के लिए कितने कि.ग्रा चाँवल पकाना पड़ेगा?** M514

हल: - चूँकि 1 छात्र के लिए 100 ग्राम चाँवल पकाया जाता है

$\therefore$ 80 छात्रों के लिए चाँवल बनेगा = 100 $\times$ 80 ग्राम

= 8000 ग्राम

जबकि 1000 ग्राम = 1 कि.ग्रा.

$\therefore$ 8000 ग्राम = $\frac{8000}{1000}$ कि.ग्रा.

= 8 कि.ग्रा.

उत्तर = 80 छात्रों के लिए 8 कि.ग्रा. चाँवल पकाना पड़ेगा।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 21. 500 ग्राम चूना के कितने पैकेट बना सकते हैं जबकि कुल चूना 9 कि.ग्रा. हो।** M514

हलः- चूने का कुल वजन = 9 कि.ग्रा.

एवं ग्राम में = 9000 ग्राम

चूँकि 500 ग्राम चूने से 1 पैकेट बनता है।

$\therefore$ 9000 ग्राम चूने $\frac{1}{500} \times 9000$ पैकेट बनेगा।

$= \frac{9000}{500}$ पैकेट

= 18 पैकेट

उत्तर - 9 कि.ग्रा से 500 ग्राम के 18 पैकेट बनाए जा सकते हैं।

**प्रश्न 22. एक मेले में करण, संजीव,संध्या और सुजाता ने अपना वजन करवाया, जो कमशः 19.700 कि.ग्रा 20.300 कि.ग्रा. 21 कि.ग्रा व 24.100 कि.ग्रा. है। बताओ चारों का कुल वजन कितने ग्राम होगा?** M514

हलः- चारों का कुल वजन = 19.700 कि.ग्रा. (करण का वजन)

+ 20.300 कि.ग्रा. (संजीव का वजन)

+ 21.00 कि.ग्रा. (संध्या का वजन)

+ 24.100 कि.ग्रा. (सुजाता का वजन)

= 85.100 कि.ग्रा.

1 कि.ग्रा. = 1000 ग्राम

85.100 कि.ग्रा = 85 कि.ग्रा.100 ग्राम

= 85100 ग्राम

उत्तर - चारों का कुल वजन 85100 ग्राम होगा।

# अध्याय - 14

## धारिता

**प्रश्न 1. 50 लीटर = ----- मि.ली.?** M512

(A) 500 मि.ली.  (B) 5000 मि.ली.

(C) 50000 मि.ली.  (D) 50.000 मि.ली.

उत्तर - (C) 50000 मि.ली.

**प्रश्न 2. 350 मि.ली.= ----- लीटर?** M512

(A) 0.350 लीटर  (B) 3.50 लीटर

(C) 3.0350 लीटर  (D) 35.0 लीटर

उत्तर - (A) 0.350 लीटर

**प्रश्न 3. 5.705 लीटर + 2.524लीटर.= ----- लीटर?** M514

(A) 5.705 लीटर  (B) 8.229 लीटर

(C) 7.229 लीटर  (D) 7.292 लीटर

उत्तर -(B) 8.229 लीटर

**प्रश्न 4. यदि 850 मि.ली. दवा की बोतल में 345 मि.ली. दवा बचा है, उस बोतल की कितनी दवा उपयोग हो गयी है ?** M514

(A) 500 मि.ली.  (B) 5.05 मि.ली.

(C) 505 मि.ली.  (D) 5.50 मि.ली.

उत्तर -(C) 505 मि.ली.

**प्रश्न 5. रानी की कार में 12.359 मि.ली पेट्रोल है। रानी ने तीन गुना पेट्रोल और डलवाया। बताओ रानी ने कितने लीटर पेट्रोल डलवाया।** M514

(A) 37.707 लीटर (B) 37.770 लीटर

(C) 37.077 लीटर (D) 3.7077 लीटर

उत्तर -(C) 37.077 लीटर

**प्रश्न 6. 2 लीटर 250 मि.ली. शर्बत से 9 गिलास पूरी तरह भर देती है। एक गिलास में कितने मि.ली. शर्बत है?** M514

(A) 150 मि.ली. (B) 250 मि.ली.

(C) 350 मि.ली. (D) 450 मि.ली.

उत्तर - 250 मि.ली.

**प्रश्न 7. एक केतली में 1800 मि.ली चाय है। दिनभर में 1 व्यक्ति 2 कप चाय पीता है और 1 कप में 150 मि.ली. चाय आती है तो बताओ कितने व्यक्तियों ने चाय पिया।** M514

(A) 3 (B) 4

(C) 5 (D) 6

उत्तर - (D) 6

**प्रश्न 8. 2 लीटर गन्ने के रस को 10 लोगों ने बराबर मात्रा में पीया । प्रत्येक को कितने मिलीलीटर रस मिला ?** M514

(A) 100 मिलीलीटर (B) 200 मिलीलीटर

(C) 300 मिलीलीटर (D) 400 मिलीलीटर

उत्तर - (B) 200 मिलीलीटर

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 9. एक परिवार में प्रतिदिन 120 लीटर पानी की खपत है । उस परिवार को एक वर्ष में कितने लीटर पानी की आवश्यकता होगी ?** M514

हलः- परिवार की 1 दिन में 120 लीटर पानी की खपत है।

तो 1 साल में = 1 साल × 120 लीटर

चूंकि 1 साल = 365 दिन

$\therefore$ 1 साल में पानी की खपत = 365×120 लीटर

= 43800 लीटर

उत्तर - उस परिवार को 1 साल में 43800 लीटर पानी की आवश्यकता होगी।

**प्रश्न 10. एक बक्से में 250 मिलीलीटर की 5 बोतल, 500 मिलीलीटर की 2 बोतल और 1 लीटर की 4 शर्बत की बोतलें हैं। बक्से में कुल कितने लीटर शर्बत है?** M514

हलः- बक्से में रखी बोतलों में शर्बत की मात्रा = 250×5 मिलीलीटर

= 1250 मिलीलीटर

= 1 लीटर 250 मिलीलीटर

500 मिलीलीटर की 2 बोतलें = 500×2 मिलीलीटर

= 1000 मिलीलीटर

= 1 लीटर

1 लीटर की 4 बोतलें = 1×4 लीटर

= 4 लीटर

कुल शर्बत की मात्रा = 1 लीटर 250 मिलीलीटर

+ 1 लीटर + 4लीटर

= 6 लीटर 250 मिलीलीटर

उत्तर - बक्से में कुल 6 लीटर 250 मिलीलीटर शर्बत है।

**प्रश्न 11. एक छोटे कप में 150 मि.ली. आइसक्रीम रखी हुई है। उसी तरह के 7 कप में कितनी आइसक्रीम होगी।** M514

हलः- चूंकि 1 कप में आइसक्रीम की मात्रा = 150 मि.ली.

$\therefore$ 7 कप में आइसक्रीम की मात्रा = 150 $\times$ 7 मि.ली

= 1050 मि.ली

उत्तर - 7 कप में 1050 मि.ली / 1 लीटर 50 मिलीलीटर आइसक्रीम होगी।

**प्रश्न 12. अमन की माँ ने एक जग में 2 लीटर संतरे का रस रखा था । अमन ने 5 मित्रों को एक-एक गिलास रस पिलाया। प्रत्येक गिलास की धारिता 125 मि.ली. है, तो जग में कितना रस बचा है?** M514

हलः- जग में संतरे की रस की मात्रा = 2 लीटर

या = 2000 मिलीलीटर

एक गिलास में रस की मात्रा = 125 मिलीलीटर

अमन के मित्रों द्वारा पी गई रस कि मात्रा = 125 $\times$ 5 मिलीलीटर

= 625 मिलीलीटर

जग में बची रस की मात्रा = 2000 - 625 मिलीलीटर

= 1375 मिलीलीटर

उत्तर = 1 लीटर 375 मिलीलीटर

**प्रश्न 13. एक ड्रम में 30 लीटर पानी आता है, तो ऐसे ही 7 ड्रम में कितने लीटर पानी आएगा।** M514

हलः - चूंकि 1 ड्रम में 30 लीटर पानी आता है।

$\therefore$ 7 ड्रम में पानी की मात्रा = 30$\times$7 लीटर

= 210 लीटर

उत्तर - 7 ड्रम में 210 लीटर पानी आएगा।

**लघुउत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 14. अर्चना ने 3 लीटर दूध खरीदा। उसमें से 250 मि.ली. दूध रोशन ने, 300 मि.ली दूध संगीता ने और 150 मि.ली दूध रमेश ने दूध पिया। बताओ कितने मि.ली. दूध बचा है?** M514

हलः- दूध की मात्रा = 3 लीटर

खपत दूध की मात्रा = 250 मि.ली. +300 मि.ली.+150 मि.ली,

= 700 मि.ली

बचे दूध की मात्रा = 3 लीटर - 700 मि.ली

$\because$ 1 लीटर = 1000 मि.ली

$\therefore$ 3 लीटर = 3000 मि.ली

$\therefore$ = 3000 - 700 मि.ली

उत्तर = 2300 मि.ली

**प्रश्न 15. एक पैकेट में 2000 मि.ली. जूस है। राधा आधा जूस और शिखा 300 मि.ली. जूस पी गई। बताओ राजू के लिए कितना जूस बचा?** M514

हलः- पैकेट में जूस की मात्रा = 2000 मि.ली.

राधा द्वारा पिये गये जूस की मात्रा = $\frac{2000}{2}$ मि.ली. = 1000 मि.ली.

राधा के जूस पीने के बाद शेष बचा = 2000 मि.ली. - 1000 मि.ली.

शिखा द्वारा पिये गये जूस की मात्रा = 300 मि.ली.

राजू के लिए बचे जूस की मात्रा = 1000 - 300 मि.ली.

= 700 मि.ली.

उत्तर राजू के लिए 700 मि.ली.जूस बचा।

**प्रश्न 16. एक चिड़ियाघर की दैनिक आवश्यकताओं के लिए 1241 लीटर पानी की खपत होती है। बताइए 1 साल में कितने लीटर पानी की आवश्यकता होगी।** M514

हलः- 1 दिन की पानी की खपत = 1241 लीटर

1 साल = 365 दिन

$\therefore$ 1 साल में पानी की खपत = 1241×365 लीटर

= 452965 लीटर

उत्तर - चिड़ियाघर में 1 साल में 452965 लीटर पानी की आवश्यकता होगी।

**प्रश्न 17. रीता ने एक दूकान से संतरे का रस 1250 मि.ली., आम का रस 3 लीटर और अनार का रस 1350 मि.ली खरीदा। बताओ उसने कितने लीटर फलों का रस खरीदा।** M514

हल - रीता द्वारा खरीदी गई फलों की रस की मात्रा

संतरे का रस = 1250 मि.ली

$\because$ 1000 मि.ली = 1 लीटर

$\therefore$ 1250 मि.ली = $\frac{1}{1000} \times 1250$ लीटर

= 1.250 लीटर

आम का रस = 3 लीटर

अनार का रस = 1350 मि.ली

= 1 लीटर 350 मि.ली

कुल फलों का रस = 1 लीटर 250 मि.ली + 3 लीटर

+ 1 लीटर 350 मि.ली

= 5 लीटर 600 मि.ली

उत्तर - रीता ने 5 लीटर 600 मि.ली फलों का रस ख़रीदा।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 18. एक टब में 28 मग पानी आता है। यदि मग की धारिता 350 मि.ली. हो तो बताओ टब में कितने लीटर पानी आयेगा?** M514 M513

हल -1 मग में पानी आता है = 350 मि.ली

28 टब में पानी आयेगा = 350×28 मि.ली

= 9800 मि.ली

= $\frac{9800}{1000}$ लीटर

= 9.800 लीटर

उत्तर - टब में 9.800 लीटर पानी आयेगा।

**प्रश्न 19. एक दुकानदार के पास 1 पीपे में 16 लीटर तेल था। उसने चार ग्राहकों को क्रमशः 2.100 लीटर, 2.800 लीटर, 3.500 लीटर और 3.800 लीटर तेल बेच दिया। बताओ पीपे में कितले लीटर तेल बचा?** M514

हल - दुकानदार ने ग्राहकों को कुल तेल बेचा

= 2.100 लीटर + 2.800 लीटर + 3.500 लीटर + 3.800 लीटर

= 12.200 लीटर

पीपे में तेल बचा

= 16 लीटर - 12.200 लीटर

उत्तर = 3.800 लीटर

**प्रश्न 20. पानी के एक टैंकर में 8000 लीटर पानी आता है। यदि उस टैंकर द्वारा 600 लीटर व 400 लीटर की टंकियों को एक के बाद एक भरा जाता है, तो बताओ 600 लीटर व 400 लीटर की कितनी- कितनी टंकियाँ भरी जा सकती है?** M514 M513

हल - दोनो टंकियों को एक बार भरने में कुल पानी लगता है

= 600 लीटर + 400 लीटर

= 1000 लीटर

∵ 1000 लीटर पानी से दोनो टंकी भरती है = 1 बार

∴ 8000 लीटर पानी से $= \frac{1}{1000} \times 8000$ बार

$= \frac{8000}{1000}$ बार

= 8 बार

उत्तर - 8000 लीटर पानी से 600 लीटर व 400 लीटर की टंकियाँ 8 बार भरी जा सकती है।

**प्रश्न 21. शुभम के पास 50 मि.ली. 200 मि.ली और 500 मि.ली के मापक बर्तन है। नीचे दी गई मापों को शुभम् किस तरह से नाप सकता है, उसे कम से कम नापना पड़े।** M514 M513

(I) 2 लीटर 750 मि.ली

(II) 3 लीटर 800 मि.ली

हल - (I) 2 लीटर 750 मि.ली

= 2 × 1000 मि.ली. + 750 मि.ली

= 2000 मि.ली + 750 मि.ली

= 2750 मि.ली

= 500 मि.ली (पॉच बार) + 200 मि.ली (एक बार) + 50 मि.ली (एक बार)

= 2500 मि.ली + 200 मि.ली + 50 मि.ली

(II) 3 लीटर 800 मि.ली

= 3 × 1000 मि.ली + 800 मि.ली

= 3000 मि.ली + 800 मि.ली

= 500 मि.ली (सात बार) + 200 मि.ली (एक बार) + 50 मि.ली (दो बार)

= 3500 मि.ली + 200 मि.ली + 50 मि.ली

# अध्याय-15

## मुद्रा

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-**

**प्रश्न 1. एक बेल्ट की कीमत एक शर्ट की कीमत से 12 रूपये कम है | कुल 2 शर्ट व 5 बेल्ट की कीमत 164 रूपये है तो एक बेल्ट की कीमत क्या होगी ?** M514

a) 20 रूपये b) 22 रूपये

c) 24 रूपये d) 26 रूपये

उत्तर- a) 20 रूपये

**प्रश्न 2. मीरा ने स्टेशनरी दुकान से 42.75 रूपये की कॉपी खरीदा और 50 रुपये का नोट दिया I तो दुकानदार उसे कितना रूपये वापस करेगा ?** M514

a) 7.25 रूपये b) 15.00 रूपये

c) 16.25 रूपये d) 18.75 रूपये

उत्तर- a) 7.25 रूपये

**प्रश्न 3. तीन केक का मूल्य 345 रूपये है तो एक दर्जन केक का मूल्य कितना होगा?** M514

a) 1320 रूपये b) 1480 रूपये

c) 1420 रूपये d) 1380 रूपये

उत्तर- d) 1380 रूपये

**प्रश्न 4. अनिल के पास 200 रूपये है | उसने 1 पैकेट चिप्स, 1 शहद की बोतल, 1 नमकीन पैकेट ख़रीदा | 1 तेल की बोतल खरीदने के लिए उसे और कितने रुपयों की आवश्यकता होगी ? (मूल्य सूची दिया गया है)** M514

**मूल्य सूची**

| सामग्री | रूपये |
|---|---|
| 1 पैकेट चिप्स | 80.00 |
| 1 शहद की बोतल | 90.00 |
| 1 पैकेट नमकीन | 10.00 |
| 1 तेल की बोतल | 76.00 |

a) 50 रूपये b) 56 रूपये

c) 76 रूपये d) 80 रूपये

उत्तर- b) 56 रूपये

**प्रश्न 5. 50 पैसे = ---------- रूपये ?** M514

a) 5.0 रूपये b) 0.50 रूपये

c) 0.05 रूपये d) 0.005 रूपये

उत्तर- b) 0.50 रूपये

**प्रश्न 6. दी गई मुद्राओं का कुल मूल्य कितना होगा ?** M514




a) 32.00 रपये b) 32.25 रूपये

c) 32.50 रूपये d) 32.75 रूपये

उत्तर- d) 32.75 रूपये

**प्रश्न 7. दी गई नोटों का कुल मूल्य कितना होगा ?** M514



a) 2870 रपये b) 2807 रूपये

c) 2780 रूपये d) 2087 रूपये

उत्तर- a) 2870 रूपये

**प्रश्न 8. दी गई नोट एवं सिक्कों का मूल्य कितना होगा ?**

M514




a) 18.57 रूपये b) 18.07 रूपये

c) 18.75 रूपये d) 18.50 रूपये

उत्तर- c) 18.75 रूपये

प्रश्न 9.



= 100.80 रूपये



= 450.75 रूपये



= ?

a) 100.80 रपये          b) 175.45 रूपये

c) 450.75 रूपये          d) 480.90रूपये

उत्तर- b) 175.45 रूपये

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 10. सागर के बैंक अकाउंट (खाता) में 280 रूपये थे | वह अपने खाते में 182.75 रूपये और जमा करता है| बताओ उसके खाते में कितने रूपये हैं?** M514

हल:- बैंक के खाते में जमा राशि = 280 रूपये

सागर द्वारा जमा किए गए = 182.75 रूपये

खाते में कुल जमा = 280 रूपये+182.75 रूपये

= 462.75 रूपये

उत्तर- `सागर के बैंक खाते में कुल 462.75 रूपये है |

**प्रश्न 11. विकास 18.75 रूपये में कॉपी और 31.50 रूपये में पेंसिल बॉक्स खरीदता है| वह दुकानदार को 75 रूपये देता है | उसे कितने रूपये वापस मिलेंगे?** M514

हल:- कॉपी की कीमत = 18.75 रूपये

पेंसिल बॉक्स की कीमत = 31.50 रूपये

कुल रुपये = 18.75 रूपये + 31.50 रूपये

= 50.25 रूपये

दुकानदार को दिए गए रूपये = 75 रूपये

वापस मिलने वाले रूपये = 75 रूपये - 50.25 रूपये

= 24.75 रूपये

उत्तर- विकास को 24.75 रूपये वापस मिलेंगे |

**प्रश्न 12. एक साड़ी की कीमत 325 रूपये है तो 5 साड़ियों की कीमत क्या होगी ?** M514

हल:- एक साड़ी की कीमत = 325 रूपये

तो 5 साड़ियों की कीमत = 325 रूपये × 5

= 1625 रूपये

उत्तर- 5 साड़ियों की कीमत/मूल्य 1625 रूपये होगी |

**प्रश्न 13. सुमन ने 48.80 रूपये में 4 आम खरीदे | बताओ 1 आम की कीमत क्या होगी ?** M514

हल:- 4 आम की कीमत = 48.80 रूपये

1 आम की कीमत = 48.80 रूपये ÷ 4 रूपये

= 12.20 रूपये

अत: 1 आम की कीमत 12.20 रूपये होगा |

**प्रश्न 14. संजय ने 89.75 रूपये की पुस्तक, 25 रूपये की पेन और 45.25 रूपये की कॉपी खरीदी | उसने दुकानदार को 200 रूपये दिया | बताओ दुकानदार ने कितने रूपये वापस किया ?** M514

हल:- खरीदी गई सामग्री की कुल कीमत

पुस्तक का मूल्य = 89.75 रूपये

पेन का मूल्य = 25 रूपये

कॉपी का मूल्य = 45.25 रूपये

कुल मूल्य = 89.75 + 25.00 + 45.25 रूपये

= 160 रूपये

दुकानदार द्वारा वापस किए गए रूपये = 200 - 160 रूपये

= 40 रूपये

उत्तर- संजय को दुकानदार ने 40 रुपये वापस किया |

**प्रश्न 15. एक पैकेट ब्रेड का मूल्य 57.25 रूपये है | माधवी को 5 पैकेट ब्रेड खरीदने के लिए कितने रूपये खर्च करना होगा ?** M514

हल:- 1 पैकेट ब्रेड का मूल्य = 57.25 रूपये

5 पैकेट ब्रेड का मूल्य = 57.25 × 5 रूपये

= 286.25 रूपये

उत्तर- माधवी को 5 पैकेट ब्रेड खरीदने के लिए 286.25 रूपये खर्च करना होगा |

**लघुउत्तरीय प्रश्न:-**

**प्रश्न 16. राधा ने 2 किलोग्राम टमाटर, 2 किलोग्राम सेव, 1 किलोग्राम प्याज खरीदा | प्रति किलोग्राम टमाटर का मूल्य 30.50 रूपये, सेव का मूल्य 72.25 रूपये तथा प्याज का मूल्य 12.75 रूपये है | पता करो राधा ने कुल कितने रूपये खर्च किया ?** M514

हल:- 1 किलोग्राम टमाटर का मूल्य = 30.50 रूपये

2 किलोग्राम टमाटर का मूल्य = 30.50 × 2 रूपये = 61.00 रूपये

1 किलोग्राम सेव का मूल्य = 72.25 रूपये

2 किलोग्राम सेव का मूल्य = 72.25 × 2 रूपये = 144.50 रूपये

1 किलोग्राम प्याज का मूल्य = 12.75 रूपये

राधा द्वारा खर्च किया गया ।

= 61.00 रूपये + 144.50 रूपये + 12.75 रूपये

= 218.25 रूपये

उत्तर- राधा ने 218.25 रूपये खर्च किया |

**प्रश्न 17. तीन शर्ट का मूल्य 990 रूपये है | यदि राघव को केवल दो शर्ट लेना है, तो उसे कितना रूपये खर्च करना होगा ?** M514

हल:- तीन शर्ट का मूल्य = 990 रूपये

तो एक शर्ट का मूल्य = 990 ÷ 3 रूपये

= 330 रूपये

दो शर्ट का मूल्य = 330 रूपये + 330 रूपये

= 660 रूपये

उत्तर- राघव को दो शर्ट के लिए 660 रूपये खर्च करना होगा |

**प्रश्न 18. आदित्य ने बैंक में अपना खाता खोलकर 600 रूपये जमा किया | अगले दिन उसने 215.65 रूपये और जमा किया | दो दिन बाद उसने 375.50 रूपये निकाल लिया | उसके खाते में कितने रूपये शेष है ?** M514

हल:- आदित्य ने सबसे पहले अपने खाते में 600 रूपये जमा किया |

अगले दिन जमा रूपये = 215.65 रूपये

कुल जमा रूपये = 600 रूपये + 215.65 रूपये

= 815.65 रूपये

आदित्य द्वारा बैंक खाते से निकाली गई राशि = 375.50 रूपये

शेष बची राशि = 815.65 - 375.50 रूपये

= 440.15 रूपये

उत्तर- आदित्य के बैंक खाते में 440.15 रूपये शेष है |

**प्रश्न 19. नंदा के पास 2500 रूपये है| उसकी दादी ने उसके जन्मदिन पर 500 रूपये दिए और उसके पिताजी ने उसे 800 रूपये दिए | नंदा ने 300 रूपये की पुस्तक खरीदा | बताओ नंदा के पास कितने रूपये शेष बचे ?** M514

हल:- नंदा के पास जमा रूपये = 2500 रूपये

दादी द्वारा दिए गए रूपये = 500 रूपये

पिताजी द्वारा दिए गए रूपये = 800 रूपये

कुल रूपये = 2500 + 500 + 800 रूपये

= 3800 रूपये

पुस्तक खरीदने हेतु खर्च की गई = 300 रूपये

शेष रूपये = 3800 - 300 रूपये

= 3500 रूपये

उत्तर- नंदा के पास 3500 रूपये शेष बचे |

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 20. सोहन अपनी कार में 1057.28 रूपये में 14 लीटर पेट्रोल डलवाता है| अब वह 6 लीटर पेट्रोल और डलवाना चाहता है | बताओ उसे अब कितने रूपये देने होंगे ?** M514

हल:- 14 लीटर पेट्रोल के लिए भुगतान किया गया = 1057.28 रूपये

1 लीटर पेट्रोल के लिए $= \frac{1057.28}{14}$

= 75.52 रूपये

चूँकि 1 लीटर पेट्रोल का मूल्य 75.52 रूपये है

इसलिए 6 लीटर पेट्रोल का मूल्य $= 75.52 \times 6$

= 453.12 रूपये

उत्तर - सोहन 6 लीटर पेट्रोल के लिए 453.12 रूपये देने होंगे |

**प्रश्न 21. चित्रकारी प्रतियोगिता हेतु एक छात्र ने दो बॉक्स पेंट, 3 ब्रश और 4 ड्राइंगशीट खरीदा | यदि पेंट 45.30 रूपये, ब्रश 22.45 रूपये, ड्राइंगशीट 2.25 रूपये का है, तो छात्र ने कितना रूपये व्यय किया ?** M514

हल:- 1 बॉक्स पेंट का मूल्य = 45.30 रूपये

2 बॉक्स पेंट का मूल्य $= 45.30 \times 2$ रूपये

= 90.60 रूपये

1 ब्रश का मूल्य = 22.45 रूपये

3 ब्रश का मूल्य $= 22.45 \times 3$ रूपये

= 67.35 रूपये

1 ड्राइंगशीट का मूल्य = 2.25 रूपये

4 ड्राइंगशीट का मूल्य $= 2.25 \times 4$ रूपये

= 9 रूपये

इसलिए छात्र द्वारा व्यय रुपये = 90.60 + 67.35 + 9 रूपये

= 166.95 रूपये

उत्तर- छात्र ने 166.95 रूपये व्यय किया |

M514

**प्रश्न 22. खिलौने का मूल्य तालिका |**



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 100 रु. | 50 रु. | 20 रु. | 10 रु. | 5 रु. |

**बताइए बच्चों ने अपने-अपने खिलौने खरीदने पर कितने रूपये खर्च किए ?**

हरप्रीत  = ..... रु.

डेविड  = ..... रु.

लता =  ..... रु.

सोनल  = ..... रु.

आदिल  = ..... रु.

**उत्तर- हल**



| 100 रु. | 50 रु. | 20 रु. | 10 रु. | 5 रु. |
|---|---|---|---|---|

बच्चों के द्वारा अपने-अपने खिलौनों पर खर्च किए गए रूपये -

हरप्रीत  185 =

डेविड  175 =

लता =  140

सोनल  275 =

आदिल  90 रु. =

## अध्याय - 16

## समय

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

**प्रश्न 1. 30 मई से ठीक 19 दिन पहले कौन सी तारीख होगी ?** M514

(a) 11 मई (b) 17 जून

(c) 19 मई (d) 11 जून

उत्तर- (a) 11 मई

**प्रश्न 2. एक मशीन 8 मिनट में 720 गेंद बनाती है | तो वह 6 मिनट में कितनी कितनी गेंद बनाएगी ?** M514

(a) 1440 (b) 240

(c) 540 (d) 320

उत्तर- (c) 540

**प्रश्न 3. अगर 10 फरवरी 2020 को सोमवार है तो 18 फरवरी 2020 को कौन सा दिन होगा ?** M514

(a) सोमवार (b) मंगलवार

(c) बुधवार (d) गुरुवार

उत्तर- (b) मंगलवार

**प्रश्न 4. रवि कंप्यूटर पर 1 घंटे में 2520 शब्द टाइप करता है तो उसे 1680 शब्द टाइप करने में _______ समय लगेगा -** M514

(a) 28 मिनट (b) 40 मिनट

(c) 42 मिनट (d) 840 मिनट

उत्तर- (b) 40 मिनट

**प्रश्न 5. एक पेंटर 9 खम्भों को 3 मिनट में पेंट कर सकता है | वह 120 सेकण्ड में कितने खंभे पेंट कर सकता है -** M514

(a) 6 (b) 12

(c) 18 (d) 27

उत्तर- (a) 6

**प्रश्न 6. 5 घंटे 37 मिनट = __________ मिनट |** M514

(a) 333 (b) 337

(c) 373 (d) 733

उत्तर- (b) 337

**प्रश्न 7. डेविड और कौशल हर रोज बैडमिंटन खेलते है | कल उन्होंने 5:15pm को खेल प्रारंभ किया और 5:50pm तक खेला | उन्होंने कितने समय तक बैडमिंटन खेला ?** M514

(a) 31 मिनट (b) 33 मिनट

(c) 35 मिनट (d) 37 मिनट

उत्तर- (c) 35 मिनट

**प्रश्न 8. विपुल को केरल से दिल्ली जाने में 3 दिन का समय लगा | 4 दिन दिल्ली में रुकने के बाद वह वापस केरल आ गया | यदि वह 05 जनवरी रविवार को दिल्ली जाने के लिए केरल से निकला तो वह वापस केरल कब आया?** M514

(a) 14 जनवरी गुरुवार (b) 15 जनवरी बुधवार

(c) 14 जनवरी शुक्रवार (d) 15 जनवरी गुरुवार

उत्तर- (b) 15 जनवरी बुधवार

**प्रश्न 9. घड़ी देखकर बताइये, मोहन ने कितनी देर तक कार चलाई -** M514



कार चलाना शुरू किया



कार चलाना बंद किया

(a) 42 मिनट (b) 43 मिनट

(c) 44 मिनट (d) 45 मिनट

उत्तर- (d) 45 मिनट

**प्रश्न 10. निम्न में से कौन सा लीप वर्ष है -** M514

(a) सन 1800 (b) सन 1900

(c) सन 2000 (d) सन 2100

उत्तर- (c) सन 2000

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न-**

**प्रश्न 11. 4 दिन में कितने घंटे होते हैं ?** M514

हल:- $\because$ 1 दिन में 24 घंटे होते हैं

$\therefore$ 4 दिन में = $24 \times 4$

= 96 घंटे

उत्तर- 4 दिन में 96 घंटे होते हैं ।

**प्रश्न 12. 2 घंटे में कितने मिनट और कितने सेकण्ड होते हैं ।** M514

हल:- $\because$ 1 घंटे = 60 मिनट

$\therefore$ 2 घंटे = $60 \times 2$ = 120 मिनट

1 मिनट = 60 सेकण्ड

∴ 120 मिनट = 60 × 120 = 7200 सेकण्ड

उत्तर- 2 घंटे में 120 मिनट व 7200 सेकण्ड होते हैं |

**प्रश्न 13. सीमा प्रतिदिन, 5 घंटे 20 मिनट विद्यालय में पढ़ती है और 3 घंटे 12 मिनट घर पर पढ़ती है | बताइए वह कुल कितने घंटे पढ़ाई करती है?** M514

हल:- विद्यालय में पढ़ाई = 5 घंटे 20 मिनट

घर में पढ़ाई = 3 घंटे 12 मिनट

कुल पढ़ाई = 5 घंटे 20 मिनट + 3 घंटे 12 मिनट

= 8 घंटा 32 मिनट

उत्तर- सीमा प्रतिदिन 8 घंटा 32 मिनट पढ़ाई करती है |

**प्रश्न 14. गाँव से शहर जाने में अशोक को 2 घंटे 12 मिनट लगता है और पंकज को 3 घंटे 28 मिनट लगता है, तो बताइए पंकज को कितना अधिक समय लगता है?** M514

हल:- गाँव से शहर जाने में पंकज को लगा समय = 3 घंटे 28 मिनट

गाँव से शहर जाने में अशोक को लगा समय = 2 घंटे 12 मिनट

पंकज को लगने वाला अधिक समय = 3 घंटे 28 मिनट - 2 घंटे 12 मिनट

= 1 घंटा 16 मिनट

उत्तर- पंकज को गाँव से शहर जाने में अशोक से 1 घंटा 16 मिनट अधिक समय लगता है |

**प्रश्न 15. एक रोटी को बनाने में 42 सेकण्ड का समय लगता है तो 15 रोटी बनाने में कितना समय लगेगा ?** M514

हल:-∵ 1 रोटी बनाने में लगा समय = 42 सेकण्ड

∴ 15 रोटी बनाने में लगा समय = 42 × 15 सेकण्ड

= 630 सेकण्ड

= $\frac{630}{60}$ मिनट

= 10 $\frac{30}{60}$

= 10 मिनट 30 सेकण्ड

उत्तर- 15 रोटी बनाने में 10 मिनट 30 सेकण्ड समय लगेगा |

**प्रश्न 16. 1 दिन के 1/4 हिस्से में कितने घंटे होते हैं ?** M514

हल:- 1 दिन = 24 घंटे

24 घंटे का 1/4 हिस्सा = 24 × $\frac{1}{4}$ घंटे

= 6 घंटे

उत्तर- 1 दिन के 1/4 हिस्सा 6 घंटे होते हैं |

**लघुउत्तरीय प्रश्न-**

**प्रश्न 17. राज प्रतिदिन 5 घंटे काम करता है | बताओ वह 3 सप्ताह में कितने घंटे काम करता है ?** M514

हल:- 1 सप्ताह में 7 दिन होता है

∴ 3 सप्ताह में = 7 × 3 = 21 दिन

21 दिनों में कुल काम के घंटे = 21 × 5 घंटे = 105 घंटे

उत्तर- राज 3 सप्ताह में 105 घंटे काम करता है |

**प्रश्न 18. रानी, समीर से 2 वर्ष 4 माह छोटी है | समीर, सुनैना से 2 वर्ष 3 माह छोटा है | बताओ रानी, सुनैना से कितनी छोटी है ?** M514

हल:- रानी, सुनैना से छोटी है |

2 वर्ष 4 माह (रानी, समीर से छोटा)

\+ 2 वर्ष 3 माह (समीर, सुनैना से छोटा)

4 वर्ष 7 माह

उत्तर- रानी, सुनैना से 4 वर्ष 7 माह छोटी है |

**प्रश्न 19. राधा की जन्मतिथि 12 फरवरी 1985 है | 31 मार्च 2020 को उसकी उम्र कितनी होगी ?** M514

हलः- राधा की जन्मतिथि = 12 फरवरी 1985 है = 12/02/1985

∴ 31 मार्च 2020 को उसकी उम्र = 2020 03 31

- 1985 02 12

= 35 01 19

उत्तर- 31 मार्च 2020 को राधा की उम्र 35 वर्ष 01 माह 18 दिन होगी|

**दीर्घउत्तरीय प्रश्न -**

**प्रश्न 20. नीचे दी गई कैलेंडर को देखो और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो |** M514

| सितम्बर | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **रविवार** | **सोमवार** | **मंगलवार** | **बुधवार** | **गुरुवार** | **शुक्रवार** | **शनिवार** |
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | | | |

1. 22 सितम्बर को कौन-सा दिन है ?

2. क्या 25 सितम्बर को शुक्रवार है ?

3. दूसरा शनिवार कौन सी तारीख में पड़ रहा है ?

4. 1 सितम्बर के ठीक 1 दिन पहले कौन-सा तारीख थी ?

5. 30 सितम्बर के ठीक चौथे दिन कौन-सा दिन होगा ?

हल:- 1. 22 सितम्बर को मंगलवार है |

2. हाँ, 25 सितम्बर को शुक्रवार है |

3. दूसरा शनिवार 12 सितम्बर को है |

4. 1 सितम्बर के ठीक 1 दिन पहले 31 अगस्त था |

5. 30 सितम्बर के ठीक चौथे दिन रविवार होगा |

**प्रश्न 21. 10 साल बाद भावना की आयु नंदू की आयु से दुगुनी हो जाएगी | वर्तमान में नंदू की आयु 4 वर्ष है तो भावना की वतर्मान आयु कितनी होगी ?** M514

हल:- चूँकि नंदू की आयु वर्तमान में 4 वर्ष है |

∴ 10 साल बाद नंदू की आयु = 4 + 10 वर्ष

= 14 वर्ष

प्रश्नानुसार 10 वर्ष पश्चात् भावना की आयु नंदू की आयु की दुगुनी हो जाएगी ।

तब भावना की आयु = 14 × 2 वर्ष

= 28 वर्ष

10 वर्ष पश्चात् भावना की आयु 28 वर्ष की होगी |

∴ 10 वर्ष पहले अथवा वर्तमान में भावना की आयु = 28 - 10 वर्ष

= 18 वर्ष

उत्तर- वर्तमान में भावना की आयु 18 वर्ष होगी |

**प्रश्न 22. जनवरी 2020 का कैलेण्डर बनाओ, जिसमें 15 तारीख में बुधवार का दिन हो और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो :-** M514

1. क्या यह लीप वर्ष है ? अगला लीप वर्ष कब आएगा ?

2. गणतंत्र दिवस में कौन-सा दिन आएगा ?

3. 15 तारीख के 14 दिन बाद कौन-सा दिन है ?

4. 5 तारीख से 2 सप्ताह और 2 दिन बाद कौन-सी तारीख है ?

5. अगला माह कौन-सा है और उसमे कितने दिन होंगे ?

हल:- जनवरी 2020 का कैलेण्डर :-

| **जनवरी 2020** | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **रविवार** | **सोमवार** | **मंगलवार** | **बुधवार** | **गुरुवार** | **शुक्रवार** | **शनिवार** |
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

1. हाँ यह लीप वर्ष है | अगला लीप वर्ष 4 साल बाद 2024 होगा |

2. गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को होता है और उस दिन रविवार है |

3. 15 तारीख के 14 दिन बाद 29 तारीख है वह बुधवार का दिन है |

4. 5 तरीख से 2 सप्ताह और 2 दिन बाद 22 तारीख में बुधवार का दिन होगा |

5. अगला माह फरवरी है और उसमे 29 दिन होंगे |

# अध्याय - 17

## बिल बनाना

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न -**

**प्रश्न 1.**

**बिल**

**सुजाता जनरल स्टोर, रायपुर**

क्र. - 104 दिनांक - 14-05-2019

नाम - शीला

| क्र. | विवरण | मात्रा | दर(रु. में) | राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुर्सी<br>टेबल<br>बॉटल | 3<br>1<br>3 | 300<br>400<br>30 | 900<br>400<br>90 |
| | | | योग | 1390 |

हस्ताक्षर

**किसी वस्तु की कीमत कितनी है यह किस कॉलम से पता चलता है ?**

(a) दर (b) राशि

(c) विवरण (d) मात्रा

उत्तर- (a) दर

प्रश्न 2.

**बिल**

**राघव स्टोर्स, जांजगीर-चांपा**

क्र. - 402 दिनांक - 13-02-2020

नाम - बबली

| क्र. | विवरण | मात्रा | दर(रु. में) | राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तेल | 1 लीटर | 45 | 45 |
| 2. | नमक | 1 कि.ग्रा. | 35 | 35 |
| 3. | शक्कर | 1 कि.ग्रा. | 40 | 40 |
| 4. | आटा | 2 कि.ग्रा. | 30 | 60 |
